रोहतक

गुरुवार 9 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 64

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 30.4
न्यून. 14.1

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





7 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता : नितेश ने रजत, प्रिंस और सचिन ने जीता कांस्य पदक



भारत सरकार

CBC 22201/13/0005/2627

अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan

33% महिला आरक्षण
लोकसभा और
राज्य विधानसभाओं में,
अब देश के निर्णयों में
नारी की भागीदारी



अब
सशस्त्र बलों में बेटियों को
स्थायी कमीशन

भारत के 48%
मान्यता-प्राप्त स्टार्टअप्स
में कम से कम
एक महिला डायरेक्टर


### हरियाणा कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले

# अग्निवीरों को 20% आरक्षण श्रमिकों का वेतन 35% बढ़ा

**कुल सात एजेंडे रखे गए, छह को मिली मंजूरी**

**कुशल श्रमिकों का वेतन 13704 से बढ़ कर 18500 किया**

**राशन डिपो आवंटन में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार की कैबिनेट बैठक बुधवार को सीएम नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई। इसमें कुल 7 एजेंडे रखे गए, जिनमें से 6 को मंजूरी दी गई। बैठक में अग्निवीरों और न्यूनतम वेतन से जुड़े दो बड़े फैसले मुख्य रहे। सीएम नायब सिंह सैनी ने बताया कि अग्निवीर पॉलिसी, 2024 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। अग्निवीरों के लिए फॉरेस्ट गार्ड, वार्डर और माइनिंग गार्ड जैसे पदों में होरिजेंटल आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। इस निर्णय का उद्देश्य सुरक्षा से जुड़े पदों में अग्निवीरों के सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन और फील्ड अनुभव का बेहतर उपयोग करना है। इसके अलावा एक्सपर्ट कमेटी ने अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी को मौजूदा 11 हजार 257 प्रतिमाह से बढ़ाकर 15 हजार 220 प्रतिमाह करने की सिफारिश की है। इस घोषणा को पूरा करने के लिए मंत्रिमंडल ने विचार विमर्श कर न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके फैसले के तहत अकुशल श्रमिकों का वेतन 11275 से बढ़कर 15220, अर्द्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12430 से बढ़कर 16780 रुपये और कुशल श्रमिकों का वेतन 13704 से बढ़कर 18500 रुपये किया गया है। इसके अलावा उच्च कुशल का वेतन 14389 से बढ़कर 19425 रुपये हो जाएगा। यह बढ़ोतरी लगभग 35 प्रतिशत है।



### राशन डिपो के नए लाइसेंस 500 राशन कार्ड पर होंगे जारी

अब राशन डिपो के नए लाइसेंस 300 राशन कार्डस के बदले 500 राशन कार्ड के ऊपर दिए जाएंगे। डिपो धारक की अधिकतम आयु 60 वर्ष को लिखित आवेदन और अच्छे कार्य के आधार पर 5 वर्ष तक बढ़ाया जाएगा। यदि डिपो धारक का निधन होता है तो उसके कानूनी वारिस को डिपो प्रदान किया जा सकता है।

### विलेज कॉमन लैंड्स के नियम भी बदले

बैठक में हरियाणा विलेज कॉमन लैंड्स (रेगुलेशन) नियम में संशोधन, 1964 में नया नियम 5ए जोड़ने को मंजूरी दी गई है। इस नियम के तहत ऐसे प्रोजेक्ट्स को राहत दी जाएगी, जिनके लिए सीएलयू या लाइसेंस प्राप्त करने के लिए पर्याप्त रास्ता (पैसेज) उपलब्ध नहीं है।

### रिटायरमेंट हाउसिंग कॉलोनियों में फ्लोर एरिया रेशो बढ़ाया

सीएम सैनी ने बताया कि हमारी सरकार ने वृद्धजनों को सहायता प्रदान करने के लिए रिटायरमेंट हाउसिंग पॉलिसी में संशोधन किया है। संशोधित प्रावधानों के अनुसार, टीडीआर नीति, 2021 के प्रावधानों के अनुरूप, मंत्रिमंडल ने रिटायरमेंट हाउसिंग कॉलोनियों के लिए फ्लोर एरिया रेशो में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। वर्तमान में फ्लोर एरिया रेशो सीमा 2.25 है, जिसे अब बढ़ाकर 3.0 कर दिया है।

### राशन डिपो आवंटन में एसिड अटैक पीड़िता को प्राथमिकता

सरकार ने राशन डिपो के आवंटन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण में एसिड अटैक पीड़ितों, महिला स्वयं सहायता समूहों, विधवा महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा टारगेटिड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम संशोधन आदेश, 2026 में आवश्यक संशोधन को मंजूरी दी गई है।

# आखिर हो गया सीजफायर

## अमेरिका ने कहा-ईरान के भीख मांगने पर किया युद्धविराम / ईरान का दावा-हमारी शर्तों के मानने पर ही किया समझौता


*अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच 40 दिन से जारी जंग में आखिरकार सीजफायर हो गया। दो सप्ताह के लिए दोनों पक्षों में युद्धविराम पर सहमति बन गई है। वहीं, शनिवार को ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में पहले दौर की बैठक होगी। अमेरिका उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान जाएगा और कूटनीतिक संवाद को आगे बढ़ाएगा।*



**ईरान को हथियार सप्लाई करने वालों पर 50% टैरिफ लगाएंगे**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को दावा किया कि ईरान की लीडरशिप सीजफायर के लिए भीख मांग रही थी, क्योंकि उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा था। उन्होंने कहा कि अब किसी भी हालत में ईरान को परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा। हेगसेथ ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला है और जहाज वहां से गुजरते रहेंगे। ट्रम्प के पास इतनी ताकत थी कि वो चाहें तो कुछ ही मिनटों में ईरान की पूरी अर्थव्यवस्था ठप कर सकते थे। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई देश ईरान को हथियार देगा, तो उस पर 50% टैरिफ लगाया जाएगा। यह फैसला तुरंत लागू होगा और इसमें कोई छूट नहीं होगी। *(पैकेज पेज-8 पर)*

**तेहरान (एजेंसी)।** दूसरी ओर ईरान ने कहा कि यह समझौता हमारी शर्तों पर हुआ है और इसे देश की बड़ी रणनीतिक जीत बताया। ईरान ने कहा कि अमेरिका ने गैर-आक्रामकता की गारंटी देने, हॉर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का नियंत्रण बनाए रखने और यूरेनियम एनरिचमेंट को स्वीकार करने जैसी अहम शर्तों को मान लिया है। वहीं, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने दावा किया है कि अमेरिका ने उसका 10 पॉइंट प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है।



### ईरान ने रखी 10 शर्तें

1. हमले पूरी तरह बंद हों 2. सभी प्रतिबंध हटाए जाएं 3. फ्रीज किए गए एसेट्स वापस मिलें 4. जंग का स्थायी अंत 5. अमेरिकी सेना की वापसी 6. नुकसान की भरपाई 7. हॉर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल 8. सुरक्षित आवाजाही, लेकिन शर्तों के साथ 9. प्रति जहाज फीस का प्रस्ताव 10. क्षेत्रीय संघर्ष भी खत्म हों

### इजराइली एयर स्ट्राइक में लेबनान में 254 की मौत, ईरान ने बंद किया होर्मुज, ट्रंप बोले-सीजफायर में हिजबुल्लाह शामिल नहीं

सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों के बाद ही इजराइल ने लेबनान में कई जगहों पर एयरस्ट्राइक की। इन हमलों में 254 लोग मारे गए और 1,165 लोग घायल हो गए। लेबनान की नागरिक सुरक्षा टीम के अनुसार, मारे गए लोग लेबनान के बेरुत, बालबेक, हर्मेल, नबातीह, अले डिस्ट्रिक्ट, सिडोन और टायर के थे। इजराइली हमले के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा बंद कर दिया है। इससे पहले उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने चेतावनी दी थी कि अगर सीजफायर में लेबनान को शामिल नहीं किया गया, तो यह समझौता टूट जाएगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कहना है कि ईरान के साथ सीजफायर प्लान में हिजबुल्लाह शामिल नहीं है। इससे पहले ईरान ने अमेरिका को 10 पॉइंट का सीजफायर प्लान भेजा था, उसमें हिजबुल्लाह पर हमले रोकने की मांग की गई थी। तब इजराइल ने कहा था कि वो हिजबुल्लाह पर हमले नहीं रोकेगा।

### दुनियाभर के बाजारों में रौनक क्रूड 100 डॉलर के नीचे आया

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान जंग में 2 हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद दुनियाभर के बाजारों में रौनक देखने को मिली। क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 15% सस्ता हुआ है। बुधवार को दाम करीब 15 डॉलर गिरकर 94.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह करीब 6 साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 109.27 डॉलर प्रति बैरल थी।

### भारत ने किया स्वागत

भारत सरकार ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए सीजफायर का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कदम पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की दिशा में अहम साबित हो सकता है। बयान में कहा गया कि भारत पहले भी लगातार यह जोर देता रहा है कि तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति के जरिए ही इस संघर्ष को खत्म किया जा सकता है। सरकार ने कहा कि इस जंग से लोगों को भारी पीड़ा झेलनी पड़ी है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापार नेटवर्क भी प्रभावित हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### रेपो रेट स्थिर, नहीं महंगे होंगे लोन

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी। इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था। आरबीआई ने आखिरी बार दिसंबर 2025 में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। *(विस्तृत बिजनेस पेज पर)*

### अब तुर्कीये में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन

**इस्तांबुल।** तुर्किये की संसद नए प्रस्ताव के तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तैयारी है। अगर यह प्रस्ताव कानून का रूप लेता है, तो यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे दिग्गज प्लेटफॉर्म्स को अपने सिस्टम में बड़े बदलाव करने होंगे। उन्हें न केवल उम्र की जांच (एज वेरिफिकेशन) के पुख्ता इंतजाम करने होंगे।



15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सख्ती

**15 राउंड फायर किए, 7 बुलेट लगी**

# डीघल में हुक्का पी रहे फाइनेंसर की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या

**काले रंग की स्कार्पियों में आए युवक वारदात के बाद फरार हुए बदमाश**

**मृतक पर कई केस दर्ज**

**झज्जर (हरिभूमि न्यूज)** गांव डीघल में बुधवार सुबह दिनदहाड़े हुक्का पी रहे फाइनेंसर की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। काले रंग की बिना नंबर की स्कार्पियों गाड़ी में सवार होकर आए युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान साहिल उर्फ सोनू पुत्र नर्सिंग उर्फ कुक्कु निवासी गांव डीघल के तौर पर की गई है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने करीब 10 से 15 राउंड फायर किए। जिनमें से सात गोलियां साहिल को लगीं। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल साहिल को उपचार के लिए रोहतक के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी क्राइम, एसीपी बेरी, सीआईए, एसटीएफ की टीमें मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाएं। साहिल पर भी पहले से मामले दर्ज बताए जा रहे है, लेकिन स्थिति पुष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है।



# ग्यारह साल बाद जेल से बाहर आएगा रामपाल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हत्या व अन्य धाराओं में दर्ज केस में उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल को जमानत मिल गई है। रामपाल 11 साल, 4 महीने और 20 दिन से जेल हिसार सेंट्रल जेल-2 में बंद है। हाईकोर्ट के जमानत ऑर्डर संबंधित कोर्ट में जाएंगे। उसके बाद वहां बॉन्ड भरा जाएगा। इसके बाद ऑर्डर आएंगे। फिर रामपाल को जेल से रिलीज किया जाएगा। रामपाल को 19 नवंबर 2014 को हिसार जिले के बरवाला स्थित सतलोक आश्रम से गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने उसे कोर्ट की अवमानना के एक मामले में पेश होने का आदेश दिया था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची, तो समर्थकों से झड़प हो गई। इस टकराव में 5 महिलाओं और डेढ़ साल के बच्चे की मौत हुई थी। इसी मामले में रामपाल पर देशद्रोह का केस दर्ज किया गया था। रोहतक के करौंथा और हिसार के सतलोक आश्रमों में पहले हुए विवादों को देखते हुए, रामपाल कुरुक्षेत्र में पिपली के पास बने सतलोक आश्रम में जा सकता है।



देशद्रोह केस में हाईकोर्ट से मिली जमानत **हिसार के सतलोक आश्रम में 6 लोगों की हुई थी मौत**

# मुख्य सचिव ने कैथल के सीटीएम को किया सस्पेंड

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** कैथल जिले के सीटीएम गुरविंद्र सिंह को मुख्य सचिव कार्यालय के आदेशों के बाद सस्पेंड कर दिया गया है। इस संबंध में उनकी सस्पेंशन के आदेश उनकी आधिकारिक मेल पर भेजे गए हैं। इन आदेशों में ये नहीं बताया गया कि उनको सस्पेंड करने का कारण क्या है, लेकिन बताया जा रहा है कि अनाज मंडी प्रबंधन के दौरान कार्यों में अनियमितता के चलते यह कार्रवाई की गई है। जब इस मामले को लेकर सीटीएम गुरविंद्र सिंह से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि सस्पेंशन से संबंधित सूचना उन्हें मेल के माध्यम से प्राप्त हुई है, उस समय वे कार्यालय से चले गए थे। अगले दिन स्टाफ के कर्मचारियों ने उनको सूचना दी, कि मेल पर उनके सस्पेंड होने के आदेश आए हैं।

**अनाज मंडी से गेहूं उठान से जोड़कर देखा जा रहा मामला**

# बेटी को मारने वाले पिता ने जेल में की आत्महत्या

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** कैथल की जिला जेल में मंगलवार देर रात्रि बेटी की हत्या करने वाले पिता ने बाथरूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दीवार में लगी खिड़की से फंदा बनाकर लटक गया। सुबह जब वॉशरूम का गेट अंदर से बंद मिला तो पुलिसकर्मियों ने गेट तोड़कर शव को बाहर निकाला। बता दें कि जींद के जयपुर गदली गांव का रहने वाले गोवर्धन ने 30 मार्च को अपनी 11 वर्षीय बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद खुद ही पुलिस को कॉल कर कहा था कि रास्ते से किसी ने बेटी को किडनैप कर लिया है। इसके बाद पुलिस जांच में मर्डर का खुलासा हुआ था। आरोपी को लगता था कि बेटी उसकी नहीं है। पत्नी पर अवैध संबंधों का भी शक जताता था।



# कोटक महिंद्रा के मैनेजर ने एसीबी ऑफिस में किया सरेंडर

**पंचकूला (हरिभूमि न्यूज)।** नगर निगम फ्रॉड केस में शहर के सेक्टर-11 स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के तत्कालीन मैनेजर पुष्पेंद्र ने बुधवार को एसीबी ऑफिस में सरेंडर कर दिया। उधर, सीनियर अकाउंट ऑफिसर विकास कौशिक का भी कोर्ट ने 2 दिन का पुलिस रिमांड बढ़ा दिया है। एसीबी अब रिमांड के दौरान कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह और ईओ विकास कौशिक को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। वहीं पूछताछ में कई बडे व्यापारी व बिल्डर्स तक कैसे पहुंची बडी रकम, इसे लेकर मनी ट्रेल के तार जुड़ने की आशंका भी है। कोटक महिंद्रा बैंक के तत्कालीन मैनेजर पुष्पेंद्र के खिलाफ आरोप है कि उसने नगर निगम पंचकूला में तैनात सीनियर अकाउंट ऑफिसर विकास कौशिक के साथ मिलकर मई 2020 में नगर निगम पंचकूला का एक फर्जी बैंक खाता खोला।

**2020 में खोला था फर्जी खाता एओ का भी 2 दिन पुलिस रिमांड बढ़ा**

### न्यूनतम तापमान में 3.1 डिग्री तक की गिरावट आई

# प्रदेश के पांच जिलों में बारिश, कुरुक्षेत्र और करनाल में गिरे ओले, मंडियों में भीगा गेहूं

**खेतों में पककर तैयार फसलें बिछी**

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश में बुधवार को कई जिलों में बारिश हुई। करनाल और कुरुक्षेत्र में दोपहर बाद जमकर ओले गिरे। यमुनानगर और जींद में सुबह तेज बारिश हुई। पंचकूला में बूंदाबांदी हुई। नारनौल और गुरुग्राम में रातभर रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया। इंद्री के गांव कलरी नन्हेडा, मुरादगढ, इंद्रगढ व जोहड माजरा सहित कई गांवों मे बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई। बारिश की वजह से जहां गेहूं की कटाई का कार्य रुक गया। वहीं, कई जिलों में अनाज मंडी में बिकने के लिए आई गेहूं भी भीग गई। वही, बेमौसमी भारी बरसात व ओलो के कारण जिला के हलका लाडवा व पिहोवा में किसानों के खेतों में पककर तैयार फसलें जमीन पर बिछ गईं, जिससे किसानों का भारी नुकसान हो गया।



### 9 से साफ होगा मौसम

अप्रैल की महीने में अभी तक 4 दिन बारिश हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यह बदलाव हो रहा है। 9 अप्रैल से मौसम पूरी तरह शुष्क होने लगेगा, जिससे तापमान में फिर से बढ़ोतरी शुरू होगी। कृषि विशेषज्ञों की सलाह है कि 1-2 दिन तक खेतों में सिंचाई, कटाई और छिड़काव जैसे काम टाल दें।

**मौसम बदलने से रात में ठंड हो रही महसूस**

बुधवार को न्यूनतम तापमान में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। हालांकि, राज्य में यह सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस महेंद्रगढ़ में दर्ज किया गया। इसी तरह, हिसार में 14.5, सिरसा में 15, करनाल में 15.2, पानीपत 15.3 और गुरुग्राम में 15.4 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

### पूर्वानुमान : इस साल 6 फीसदी कम बारिश होगी

इस साल मानसून की बारिश सामान्य से 6% कम रह सकती है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस साल का पूर्वानुमान जारी किया है। जून से सितंबर तक मानसून के 4 महीनों में देश में बारिश का सामान्य औसत 868.6 मिलीमीटर है। सामान्य से कम मानसून का मतलब है कि बारिश 90% से 95% के बीच रहेगी। एजेंसी ने 94% बारिश का अनुमान दिया है। जून में सामान्य बारिश होगी, लेकिन जुलाई से गिरावट शुरू होकर अगस्त और सितंबर में मानसून कमजोर पड़ेगा। अगस्त-सितंबर में मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में सामान्य से कम बारिश की आशंका है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा, मंडियों में सुधारों से किसानों को फायदा

# तीन-स्तरीय सत्यापन, बायोमेट्रिक और जियो-फेंसिंग से मजबूत हुई खरीद व्यवस्था

## गेहूं खरीदारी पर बेवजह दुष्प्रचार से किसानों को गुमराह कर रहा विपक्ष

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की फसल के एक-एक दाने की खरीद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष खरीद व्यवस्था को लेकर बेवजह दुष्प्रचार कर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन-स्तरीय सत्यापन, बायोमेट्रिक और जियो-फेंसिंग से खरीद व्यवस्था मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों की मंडियों की नियमित निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि उपायुक्तों (डीसी) को जिला स्तर पर प्रभारी बनाया गया है। मंत्री और विधायक भी लगातार मंडियों का दौरा कर रहे हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सरकार ने खरीद प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई तकनीकी सुधार लागू किए हैं। तीन-स्तरीय फसल सत्यापन प्रणाली को अनिवार्य किया गया है, जिससे मंडियों में लाई गई फसल का पंजीकृत विवरण से मिलान सुनिश्चित होगा। इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां की चुकी है।



### गेहूं खरीद का 75 प्रतिशत सत्यापन पूरा : नायब

उन्होंने कहा कि आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन भी लागू किया गया है, जिसके तहत 8 अप्रैल तक 75 प्रतिशत गेहूं की खरीद का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। किसानों की सुविधा के लिए तीन नामांकित व्यक्तियों को भी सत्यापन की अनुमति दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी मंडियों और गोदामों को जियो-फेंसिंग के दायरे में लाया गया है। अब तक 416 गेहूं मंडियों, 112 सरसों मंडियों और 179 अतिरिक्त स्थलों सहित 1,344 भंडारण केंद्रों की जियो-फेंसिंग पूरी हो चुकी है। मंडी में आने वाले माल की ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए गेट पास जारी करते समय वाहन नंबर और फोटो अनिवार्य की गई है।



## यूपीएससी का सफर होगा आसान, प्री पास छात्रों को कोचिंग के लिए वित्तीय मदद मिलेगी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि यूपीएससी, एचपीएससी और न्यायिक सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को आगे की कोचिंग फीस के लिए सरकार वित्तीय सहायता देगी। यह सहायता मुख्यमंत्री युवा प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को 25 हजार से 70 हजार रुपये तक की मदद प्रदान की जाएगी। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये तक है, उनके बच्चों को 70 हजार रुपये, 1.80 लाख तक आय वाले परिवारों को 60 हजार रुपये, 3 लाख तक आय वालों को 50 हजार रुपये और 5 लाख तक आय वाले परिवारों को 25 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित युवाओं के सम्मान समारोह में की।

### विश्वविद्यालयों मिलेगी कोचिंग सायंकालीन कक्षाएं शुरू होगी

उन्होंने कहा कि राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में यूपीएससी और एचपीएससी की कोचिंग के लिए सायंकालीन कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक युवा इन परीक्षाओं में सफल हो सकें। मुख्यमंत्री ने नव-चयनित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के निर्णय लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं, इसलिए हर निर्णय समाजहित में लेना चाहिए।

## बहु-आरोपी मामलों में व्यक्तिगत समझौते पर एक आरोपी को राहत संभवः हाईकोर्ट

### बड़ा फैसला : बाकी पर चलता रहेगा केस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि किसी बहु-आरोपित मामले में एक आरोपित शिकायतकर्ता के साथ वास्तविक और स्वैच्छिक समझौता कर लेता है, तो उसे अलग से राहत दी जा सकती है, भले ही अन्य आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहे। अदालत ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का उद्देश्य केवल तकनीकी रूप से मुकदमे को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि न्याय सुनिश्चित करना है। यह महत्वपूर्ण टिप्पणी जस्टिस अनूप चितकारा की पीठ ने एक चेन स्नेचिंग मामले में सुनवाई के दौरान की। 23 वर्षीय दोषी ने अपनी सजा और दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी। मामला वर्ष 2019 में कुरुक्षेत्र के लाडवा थाने में दर्ज एफआइआर से जुड़ा है। अपील लंबित रहने के दौरान आरोपित और शिकायतकर्ता के बीच समझौता हो गया, जिसे शिकायतकर्ता ने अदालत में भी स्वीकार किया। अदालत ने सबसे पहले इस मूल प्रश्न पर विचार किया कि क्या बहु-आरोपित मामलों में केवल एक व्यक्ति के लिए कार्रवाई समाप्त की जा सकती है। इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए पीठ ने कहा कि यदि समझौता वास्तविक है और तथ्यों के अनुरूप है, तो ऐसा करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। फैसले में अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को प्रमुखता दी गई। अदालत ने कहा कि यदि समझौते के बावजूद आरोपित के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी जाती है, तो यह उसकी स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश होगा। साथ ही लंबित मुकदमा आरोपित पर मानसिक और कानूनी दबाव बनाए रखता है, जो न्यायसंगत नहीं है।

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित अपराध भले ही गैर-समझौता योग्य श्रेणी में आता हो, लेकिन विशेष परिस्थितियों में न्यायालय विवेक का प्रयोग कर सकता है। अदालत ने कहा कि तकनीकी आधार पर मुकदमे को लंबा खींचने की बजाय व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। मामले के तथ्यों में आरोपित की कम उम्र, आंशिक सजा भुगतने और समझौते की स्वैच्छिक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए अदालत ने दोषसिद्धि और सजा को रद कर दिया तथा आरोपित को बरी कर दिया। अन्य आरोपियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।



■ अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार अहम


Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77–बी, इफको रोड़, सैक्टर – 18, गुरूग्राम – 122015, हरियाणा
फोनः 91–124–352–7369 | फैक्सः 91–124–352–7337 | ईमेलः crm.met@ril.com
CIN: U70109HR2006PLC036416

**सार्वजनिक सूचना**

**MET City, जिला झज्जर, हरियाणा में रिहायशी प्लाटों के आवंटन के निरस्तीकरण होने बारे**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड ("कम्पनी"), ने निम्नलिखित व्यक्तियों ("पूर्व आवंटी") के पक्ष में मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप ("MET City"), जोकि राज्य राजमार्ग नं. 15–ए, जिला झज्जर, हरियाणा में, कम्पनी द्वारा विकसित की जा रही है, रिहायशी प्लाटों के आवंटन हेतु इकरारनामा बैय निष्पादित किए थे जोकि सब–रजिस्ट्रार, तहसील बादली, जिला झज्जर के कार्यालय में पंजीकृत करवाए गए थे :–

| क्रमांक | प्लाट विवरण | पूर्व आवंटी | इकरारनामा बैय निष्पादन तिथि | आवंटन निरस्तीकरण तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A-50, Street no. Cross-2, Pocket-A, Sector – 2A | जितेन्द्र सिंह पुत्र रणधीर सिंह एवं हेमन्त कुमार पुत्र रणधीर सिंह | 19.01.2024 | 17.10.2024 |
| 2 | A-04, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 12.04.2024 | 20.02.2026 |
| 3 | A-05, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 08.04.2024 | 20.02.2026 |
| 4 | A-07, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 12.04.2024 | 20.02.2026 |
| 5 | A-08, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 08.04.2024 | 20.02.2026 |
| 6 | A-09, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 12.04.2024 | 20.02.2026 |
| 7 | A-10, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 08.04.2024 | 20.02.2026 |
| 8 | A-11, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 22.04.2024 | 20.02.2026 |
| 9 | A-12, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 08.04.2024 | 20.02.2026 |
| 10 | A-31, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 08.04.2024 | 20.02.2026 |
| 11 | A-32, Street no. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | जय भगवान शर्मा पुत्र राम चन्द शर्मा | 08.04.2024 | 20.02.2026 |

यह कि उपरोक्त प्लाटों का आवंटन, इकरारनामा बैय की शर्तों का निरंतर उल्लंघन करने एवं देय किश्तों का बार – बार अनुरोध करने, रिमाइन्डर एवं नोटिस भेजने के बाद भी भुगतान नहीं करने के कारण निरस्त किया गया है।

इकरारनामा बैय की शर्तों के अनुसार, प्लाट का आवंटन निरस्त होने उपरान्त एवं इकरारनामा बैय के निरस्त होने उपरान्त, उपरोक्त पूर्व आवंटी का प्लाट अथवा उपरोक्त इकरारनामा बैय में किसी तरह का हक, हकूक या अधिकार शेष नहीं रह गया है, एवं कम्पनी अब उपरोक्त वर्णित प्लाटों को किसी भी तरह से डील करने, किसी अन्य व्यक्ति को बेचने, अलाट करने, ट्रांसफर करने, तीसरे पक्ष के अधिकार सृजन करने, और/या जैसे भी उचित समझें, प्लाट का निपटान करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है।

प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है एवं हिदायत दी जाती है कि उक्त पूर्व आवंटी के साथ उक्त प्लाटों से सम्बंधित किसी भी प्रकार का कोई लेन–देन अथवा एग्रीमैंट नहीं करें और यदि करता है तो वह कम्पनी पर बाध्यकारी नहीं होगा।

www.modeleconomictownship.com


### 15 आईएएस बदले

## आनंद शर्मा करनाल और उत्तम सिंह गुरुगाम के उपायुक्त नियुक्त

**विनीत गर्ग** : अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग
**अनुराग अग्रवालः** अब सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ-साथ सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के एडवाइजर
**विजयेन्द्र कुमारः** किसान एवं पंचायत विभाग के एसीएस
**राजीव रंजनः** सहकारिता विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनाए
**पंकज अग्रवालः** आर्किटेक्चर विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी होंगे
**सी.जी. राजिनी कान्थनः** माइंस एवं जियोलॉजी विभाग के कमिश्नर
**साकेत कुमारः** अभिलेखागार विभाग के कमिश्नर एवं सेक्रेटरी
**जे. गणेशनः** हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन और पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग के कमिश्नर एवं सेक्रेटरी
**अतुल कुमारः** फाइनेंस विभाग के कमिश्नर एवं सेक्रेटरी
**दुश्मंत कुमार बेहराः** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सेक्रेटरी
**मणि राम शर्माः** अब स्वास्थ्य विभाग के सेक्रेटरी बनाए
**डॉ. आदित्य दहियाः** हरियाणा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी बनाए गए
**अजय कुमारः** चीफ मिनिस्टर के डिप्टी प्रिंसिपल सेक्रेटरी-II (नया पद) नियुक्त किया
**उत्तम सिंहः** गुरुग्राम के डिप्टी कमिश्नर और श्री माता शीतला देवी श्राइन बोर्ड के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किए गए
**आनंद कुमार शर्माः** करनाल के डिप्टी कमिश्नर और करनाल स्मार्ट सिटी के सीएओ नियुक्त किया

## दिल्ली को पानी बेचने की तैयारी कर रही नायब सरकार : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह पर पानी के मुद्दे को लेकर दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला किया है। अनुराग ढांडा ने कहा कि हालिया मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आया है कि दिल्ली सरकार गर्मियों में बढ़ती पानी की मांग को पूरा करने के लिए हरियाणा से अतिरिक्त पानी खरीदने की तैयारी कर रही है। यह वही भाजपा सरकार है, जिसने पहले दिल्ली की चुनी हुई अरविंद केजरीवाल सरकार को हिमाचल प्रदेश से पानी खरीदने के प्रयास में हर स्तर पर रोड़ा अटकाया था। उस समय हरियाणा और केंद्र की भाजपा सरकार ने दिल्ली की जनता को पानी देने के बजाय उन्हें परेशान करने का काम किया, लेकिन आज जब दिल्ली में भाजपा की सरकार है, तो हरियाणा सरकार तुरंत पानी देने के लिए तैयार हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खुद गहरे जल संकट से गुजर रहा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा सरकार दूसरे राज्यों को पानी देने की बात कर रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य में लगभग 14 बिलियन क्यूबिक मीटर का वार्षिक जल घाटा है और 1700 से अधिक गांव गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। शहरों में भी पेयजल किल्लत चल रही है।



### स्पीकर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**चंडीगढ़।** विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अपने विधान सभा क्षेत्र घरौंडा के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग, वन विभाग तथा सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके. सिंह तथा सिंचाई विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर संजय राहड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

### विस कर्मचारी लेंगे एआई का प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा के प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह तकनीकी प्रशिक्षण हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के पंचकूला के सेक्टर 25 स्थित केंद्र में 9 और 10 को करवाया जाएगा। यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रधानमंत्री के विजिन विकसित भारत 2047 और लोक सभा अध्यक्ष व हरियाणा विधान सभा के प्रयासों के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

## विश्व बैंक के सहयोग से एआई डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू होगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा एआई डेवलपमेंट प्रोग्राम की प्रगति का आकलन करने के लिए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। लगभग 474 करोड़ की महत्वाकांक्षी पहल को विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से पीपीपी मॉडल पर लागू किया जा रहा है। बैठक में एमडी हारट्रोन जे गणेशन के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि प्रोग्राम की प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट जनवरी 2026 में भारत सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है। यह मंजूरी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा नीति आयोग की स्वीकृति के पश्चात प्रदान की गई। कार्यक्रम की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट आगामी जून 2026 तक प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 189 दिनांक 31.03.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम - आशु।
पिता का नाम - रमेश।
पता - वासी वार्ड न0.8 मटिण्डु रोड़ खरखौदा जिला सोनीपत।
उम्र 24 वर्ष।
कद 5 फुट 5 ईन्च।
हुलिया - रंग गैहुंआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, लम्बी नाक, सामान्य शरीर हैं।
पहनावा - काले रंग की शर्ट, काले रंग की पेंट व पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 27.03.2026 को आशु पुत्र रमेश वासी वार्ड न0.8 मटिण्डु रोड़ खरखौदा जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चला गया हैं। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना 7419410536
अनुसंधानकर्ता मो0 न0.-7988038366
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4673/2027/44531/88/6 दि. 08.04.2026



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | वाई.डब्ल्यू.एस. (मेक) डिवीजन, फरीदाबाद के तहत बनारसी पम्प हाउस और कोटला पम्प हाउस में 05 टन क्षमता की 02 अदद छह डायरेक्शनल ईओटी (इलैक्ट्रिक ओवरहैड ट्रेवलिंग) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 08.04.2026 22.04.2026 | रु. 14,00,000/- | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2582542 XENPROC@GMAIL.COM |
| 2 | विकास एवं पंचायत विभाग | गांव धाबी कलां से धाबी खुर्द (रोड आईडी एच-943) और धाबी खुर्द से रूपाना जाट्टान (रोड आईडी 946) तक रोड की शिफ्टिंग। | 7.04.2026 13.04.2026 | रु. 41,15,018/- | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 9416071464 ZPFTB@HRY.NIC.IN |
| 3 | लोनिवि (भ व प) | यमुनानगर जिले में गांव गुमथला राव में हैल्थ वेलनेस सेंटर की विशेष मरम्मत + 3 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 27,45,991 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 732237834 PWD-EEPD-YAMUNANAGAR@HRY.NIC.IN |
| 4 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 437 मदों तक मदें निहित सूची (437 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570123 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 5 | लोनिवि (भ व प) | हांसी जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) 3 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) देपाल धनधेरी रोड से मामनपुरा रोड तक कि.मी. 2.40 से 2.49 में आईपीबी और कि.मी. 0.00 से 2.40 में मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा (रोड आईडी 5296), (II) कि.मी. 0.00 से 0.284 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा गांव अमरा में देवी मंदिर से रातेरा रोड और कि.मी. 0.284 से 1.15 में सीसीबी को पुनः बिछाना (रोड आईडी 5295) (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (III) कि.मी. 0.00 से 0.45 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा डीएचएस (एनएच-10) रोड से ढाणी पीरवाली तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5269) (जीएसटी के बिना)। | 07.04.2026 16.04.2026 | रु. 1,86,28,749 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 01663-259688 PWD-EEPD-HANSI@HRY.NIC.IN |
| 6 | लोनिवि (भ व प) | पुराना नागरिक हस्पताल जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (ईएलवी कार्य का प्रावधान केवल)। | 07.04.2026 13.04.2026 | रु. 2865858 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 1662225651 PWD-EEED-HISSAR@HRY.NIC.IN |
| 7 | लोनिवि (भ व प) | पं. भ.द. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में माइक्रोबायोलॉजी और बायो-कैमिस्ट्री विभाग में एक अदद 8 पैसेंजर लिफ्ट का एसआईटीसी + 1 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 3330849 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0184-2265696 PWD-EEED-ROHTAK@HRY.NIC.IN |
| 8 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात स्पेक्ट्रोमीटर मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 9 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 10 | सिंचाई | जेएलएन फीडर के आरडी 156014 पर एस्केप और दुल्हेड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी तथा झज्जर सब ब्रांच के हैड रेगुलेटर का पुनर्निर्माण/निर्माण + 2 कार्य। | 22.04.2026 | रु. 319926576 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 9464040970 XENSAMPLA@GMAIL.COM |
| 11 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात फुटओवर ब्रिज मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 12 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 04 मदों तक मदें निहित सूची (04 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 13 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 14 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 23 मदों तक मदें निहित सूची (23 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 15 | सिंचाई | आरडी 0 से 64800 तक जसिया लिंक ड्रेन की आंतरिक सफाई + 14 कार्य। | 13.04.2026 | 7711964 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 9812111077 XENWSDNRTK@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/300/44532/I/88/6 दि. 08.04.26


### ऊर्जा मंत्री ने बिजली निगम चेयरमैन के साथ की बैठक

# गर्मियों में बिजली सप्लाई पर नजर रखने के लिए बनेगा कंट्रोल रूम

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

गर्मी और मौसम की चुनौती के कारण पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए हरियाणा बिजली निगमों के अफसरों को तैयारी रखने का निर्देश विभाग के मंत्री अनिल विज ने दिया है। हर साल की तरह इस बार भी गर्मी के दिनों और भारी बारिश, आंधी तूफान जैसे चुनौतीपूर्ण मौसम से निपटने के लिए मंत्री विज ने अभी से तैयार रहने के आदेश दिए हैं। बुधवार को अपने मंत्रालय (कार्यालय) में बिजली निगमों की चेयरमैन और वरिष्ठ आईएएस आशिमा बराड़ और अन्य अफसरों के साथ में ऊर्जा मंत्री ने विस्तार से चर्चा की है। विज ने भयंकर गर्मी के दिनों में भी बिजली आपूर्ति को नियमित रखने के लिए तैयारी की समीक्षा की और कहा कि इसके लिए ज्यादा तैयारी की जरूरत है। मंत्री ने बिजली निगमों की ओर से आने वाले समय में कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही आपात हालात में अतिरिक्त सामान की व्यवस्था करने को कहा है। प्रदेश स्तर पर भी एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम 24/7 आधार पर स्थापित करने को कहा है, ताकि आपूर्ति की रियल-टाइम मॉनिटरिंग हो सके। कंट्रोल रूम फीडर स्तर पर सप्लाई के हालात, ट्रिपिंग और ब्रेकडाउन पर नजर रखेगा। आउटेज और बहाली का पूरा रिकॉर्ड भी तैयार करेगा।



## विज ने संभाला कामकाज, वॉकर की सहायता से सचिवालय पहुंचे

उधर, कैबिनेट मंत्री अनिल विज भी मीटिंग में वॉकर लेकर पहुंचे थे। 16 फरवरी को दोनों पैरों में फैक्चर होने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लंबे आराम की सलाह दी थी। इसी वजह से फरवरी में हुए बजट सेशन में वे शामिल नहीं हो पाए थे। 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में भी वे व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे थे। इसके बाद अब कैबिनेट मीटिंग में पहुंचे। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उन्होंने अपने विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। यहां गौरतलब रहे कि पैरों में फ्रैक्चर होने के बाद में विज अंबाला छावनी शास्त्री कालोनी स्थित कैंप आफिस से जरूरी फाइलें निपटाने के साथ ही अपना कामकाज चला रहे थे। पिछले दिनों ही चिकित्सकों उन्हें ऑफिस जाने की इजाजत दे दी थी।

# पंचकूला में एससी सीट घटाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद्द

- कहा-स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण तय करने का आधार केवल जनगणना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला नगर निगम में अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित सीटों को चार से घटाकर तीन करने के फैसले को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को रद्द कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण तय करने का आधार केवल जनगणना हो सकता है, किसी सरकारी डेटाबेस जैसे फैमिली इंफॉर्मेशन डाटा रिपॉजिटरी (एफआईडीआर) को इसके लिए मान्य नहीं माना जा सकता। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस सुखविंदर कौर की खंडपीठ ने 4 सितंबर 2025 की अधिसूचना को रद्द करते हुए कहा कि आरक्षित सीटों में कोई भी बदलाव संविधान के अनुच्छेद 243 टी की भावना के अनुरूप होना चाहिए। कोर्ट ने टिप्पणी की कि राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया पहली नजर में ही संवैधानिक प्रावधान के विपरीत थी। यह याचिका पूर्व पार्षद उषा रानी और अन्य द्वारा दायर की गई थी। दलील दी गई कि सीटों में कमी संविधान और हरियाणा नगर निगम अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि पिछली बार 2011 की जनगणना के आधार पर 20 वार्डों में चार सीटें एससी वर्ग के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब बिना वार्ड संख्या बदले इसे घटाकर तीन कर दिया गया।

राज्य सरकार ने अपने बचाव में कहा कि नगर निगम की सीमाओं में बदलाव के कारण जनसंख्या संरचना बदली है, जिससे एससी आबादी का प्रतिशत कम हुआ और सीटें घटानी पड़ीं। हालांकि कोर्ट ने राज्य के इस तर्क में विरोधाभास पाया।




## खबर संक्षेप



### फरीदाबाद के सरकारी स्कूल में गिरी आसमानी बिजली, पेड़ को चीरा

**फरीदाबाद।** सेक्टर-7 स्थित सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बारिश के दौरान आसमानी बिजली गिरने का मामला सामने आया है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय सभी छात्र कक्षाओं के अंदर मौजूद थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पूरी घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मंगलवार को दोपहर करीब 1:59 बजे अचानक स्कूल परिसर में आसमानी बिजली गिर गई। बिजली एक पेड़ को चीरते हुए जमीन पर आ गिरी, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तेज गर्जना की वजह से दहशत का माहौल भी बन गया। स्कूल की प्रिंसिपल सीमा गौतम ने बताया कि घटना के समय सभी बच्चे अपनी-अपनी कक्षाओं में पढ़ाई कर रहे थे। अगर बच्चे बाहर होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### ससुराल न जाने पर पति की बात से नाराज होकर मां ने मारा था बेटी को

**गुरुग्राम।** ढाई साल की मासूम बेटी की हत्या करने के बाद खुद का गला काटने वाली नेहा शर्मा ने पूछताछ में खुलासा किया है। नेहा जनवरी में यूपी के बिजनौर से पति आधार शर्मा के पास रहने गुरुग्राम आई थी। इसके बाद से वह गुरुग्राम में रहना चाहती थी, ससुराल बिजनौर नहीं जाना चाहती थी और न ही पति को भेजना चाहती थी। इसी बात को लेकर पति ने उससे कहा था कि तुम्हारे यहां आ जाने से परिवार और रिश्तेदार ताने मारते हैं, मुझे परिवार से अलग मत करो। पुलिस के मुताबिक, पति की इसी बात से नाराज नेहा ने सोमवार को खौफनाक कदम उठा लिया। पहले उसने अपनी मासूम बेटी को गला घोंट कर मौत की नींद सुला दिया और फिर कैंची से अपना गला भी काट लिया। उसने बेटी के साथ खुद को कमरे में बंद कर लिया।

### सीएम फ्लाइंग ने छापा मार पान मसाला पकड़ा

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा नई सब्जी मंडी डबुआ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर दुकान मालिक कुलदीप हाजिर मिला। गोदाम चेक करने पर भारी मात्रा में गोल्ड मोहर पान मसाला के 13720 पाउच व दिलबाग पान मसाला का 19650 पैकेट मिले।

## अभेद्य एप ने ब्लॉक की इंटरनेशनल कॉल, भारतीय नंबर से की तो पकड़े गए

# 2 करोड़ रंगदारी मांगने वाले 6 आरोपी काबू, बाजार में घुमाकर सिखाया सबक

- जुलाना में भट्ठा संचालक से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर मांगी थी रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जुलाना में भट्ठा संचालक से दो करोड़ रुपये की चौथ मांगने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों सोनीपत के कुंडली निवासी आयुष, दिल्ली के नरेला निवासी आकाश, आदित्य, यश, अंकित व आदित्य को गिरफ्तार किया है। सभी सोनीपत जेल में चौथ मांगने के मामले में ही बंद थे। पुलिस ने सभी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने सभी को मंगलवार को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। वहीं, पुलिस ने छह आरोपितों में से मुख्य आरोपितों आकाश, आयुष और आदित्य भारद्वाज को जुलाना के बाजार में घुमाया। पुलिस का मकसद लोगों के दिलों से भय निकालना था।

### आखिरकार अपराध का यही होता है अंजाम



जींद। बाजार से आरोपियों को लेकर जाते पुलिस कर्मचारी।

### अभेद्य एप ने इस तरह पकड़वाए बदमाश

हरियाणा पुलिस द्वारा मार्च में लॉन्च किए गए अभेद्य मोबाइल एप के कारण ही रंगदारी मांगने के आरोपित पकड़े गए हैं। भट्ठा संचालक अनूप के मोबाइल फोन में अभेद्य एप इंस्टाल था। जब बदमाशों ने उसे इंटरनेशनल कॉल करनी चाही तो वह ब्लॉक हो गई। इसके बाद उन्होंने भारत के नंबर से कॉल की तो पकड़े गए। बता दें कि यह एप संदिग्ध, अंतरराष्ट्रीय और वर्चुअल नंबरों से आने वाली धमकी भरी कॉल व मैसेज को यूजर तक पहुंचने से पहले ही ब्लॉक कर देता है।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 24 मार्च को गांव टिटोली निवासी अनूप से दो करोड़ रुपये की चौथ मांगने का मामला सामने आया था। अनूप जुलाना में ओम नाम से ईंट भट्ठा चलाता है। कॉल करने वाले ने खुद को लारेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य रणदीप मलिक बताया। कुलदीप सिंह ने बताया कि जिस नंबर से कॉल आई थी वह भारत का ही था। पुलिस ने जब जांच आगे बढ़ाई तो सामने आया कि जिस नंबर से कॉल की गई थी, वह चोरी का था। जिन लोगों ने नंबर चोरी किया था, उनको सोनीपत पुलिस ने पकड़ लिया है। वह इसी प्रकार चौथ मांगने के मामले में सोनीपत जेल में बंद हैं।

### विदेश में बैठा है बॉस

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों से पूछताछ में सामने आया है कि वह विदेश में बैठे एक व्यक्ति के लिए काम करते हैं। उनको विदेश से ही आदेश मिलते हैं कि किस व्यक्ति से पैसे लेकर आने हैं या फिर उसको धमकी दी जानी है। हालांकि एसपी ने गैंग का नाम बताने से मना कर दिया।

## सहकर्मी के प्राइवेट पार्ट में हवा भरकर की हत्या, गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** खेड़की दौला एरिया में लड़ाई-झगड़े के दौरान सहकर्मी की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की मजाक के दौरान सहकर्मी से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने एयरगन से सहकर्मी के प्राइवेट पार्ट में हवा भर दी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, यूपी के अलीगढ़ निवासी हरविंद्र (38) गुरुग्राम के सेक्टर-82 स्थित एक वर्कशॉप पर काम करता था। उसी के साथ राजस्थान का डींग निवासी नरेश कुमार (40) भी था। वर्कशॉप में काम करने के दौरान मंगलवार को नरेश कुमार व हरविंद्र की मजाक-मजाक में किसी बात पर कहासुनी हो गई। जिसके बाद नरेश कुमार ने एयरगन से हरविंद्र के प्राइवेट पार्ट में हवा भर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। खेड़कीदौला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को रामपुरा से काबू कर लिया। मामले में एएसआई जितेंद्र ने बताया कि पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि मजाक-मजाक के दौरान दोनों में कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आरोपी ने हत्या कर दी।

## पुलिस से झड़प पर धारा 163 लागू

# मानेसर में कंपनियों के 10 हजार कर्मी हड़ताल पर गए



गुरुग्राम। हड़ताली अनुबंधित कर्मचारियों से बातचीत करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आईएमटी मानेसर की होंडा कंपनी के बाद अब आधा दर्जन कंपनियों के हजारों अनुबंध कर्मियों ने मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारी वेतन वृद्धि समेत अन्य मांग पूरी करने पर अड़े हुए हैं। इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों की पुलिस कर्मचारियों के साथ धक्कामुक्की भी हुई। कर्मचारियों ने लाठीचार्ज का आरोप भी लगाया। कर्मचारियों के हंगामे को देखते हुए जिला प्रशासन ने धारा 163 लागू कर दी है।

कर्मचारी नेताओं का कहना है कि अनुबंधित कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। न्यूनतम मजदूरी, ओवरटाइम और पक्का करने जैसी मांगे बरसों से लंबित पड़ी है। होंडा कंपनी के कर्मचारी तो काम पर लौट चुके हैं, लेकिन अब सत्यम, मुंजाल शोवा, रिको और अन्य कंपनियों के कर्मचारी हड़ताल पर है। फैक्ट्री मालिकों को चिंता है कि वर्तमान हालात में जहां पहले से ही उद्योगों पर संकट है ऊपर से हड़ताल स्थिति और बिगाड़ सकती है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को समझाया जा रहा है।

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि धारा 163 लगाई गई है। पुलिस ने अपने इनपुट में मानेसर आईएमटी क्षेत्र में संभावित प्रदर्शन एवं विरोध मार्च के चलते शांति व्यवस्था भंग होने, यातायात बाधित होने तथा आमजन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की आशंका जताई थी।

# कृषि उपनिदेशक 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

- थोक उर्वरक का लाइसेंस जारी करने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप, 50 हजार पहले ले चुका था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रोहतक की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सोनीपत में तैनात कृषि उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ काबू किया है। अधिकारी पर थोक उर्वरक का लाइसेंस जारी करने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। बताया जा रहा है कि वह पहले ही शिकायतकर्ता से आधी रकम ले चुका था।

गांव जांटी कलां निवासी राजकुमार ने शिकायत में बताया कि उन्हें थोक उर्वरक का लाइसेंस जारी करवाना था, जिसके लिए कृषि विभाग में तैनात कृषि उपनिदेशक ने उनसे एक लाख रुपये की मांग की। इसमें 50 हजार रुपये वे ले चुके थे। शिकायत प्राप्त होने के बाद एसीबी ने जांच कर प्राथमिकी दर्ज की। कार्रवाई के लिए रोहतक के क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। बुधवार को डीएसपी सोमबीर तथा निरीक्षक भगत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जाल बिछाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जैसे ही कृषि उपनिदेशक ने लघु सचिवालय परिसर में स्थित अपने कार्यालय में शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम स्वीकार की, पहले से सतर्क एसीबी टीम ने मौके पर ही उसे काबू कर लिया। टीम ने मौके से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली। एसीबी प्रवक्ता ने बताया कि आरोपित को नियमानुसार अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेने का प्रयास किया जाएगा, ताकि पूछताछ के दौरान और अधिक तथ्य सामने आ सकें।

### रोहतक एसीबी की कार्रवाई



विजिलेंस टीम की गिरफ्त में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का उपनिदेशक पवन शर्मा।

## विदेश भेजने का झांसा दे दुष्कर्म अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेलिंग

**करनाल।** करनाल शहर में विदेश भेजने के नाम पर एक युवती के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गुरदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मुंहबोले भाई जसमेर के माध्यम से उसकी पहचान गुरदीप से हुई, जो लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। आरोपी ने उसे विदेश भेजने का भरोसा दिलाकर अपने संपर्क में रखा। शिकायत के अनुसार, 4 अप्रैल को गुरदीप ने उसे करनाल बुलाया और मिलने के बहाने कार में बैठाकर ले गया। रास्ते में उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे युवती को चक्कर आने लगे और वह अर्ध-बेहोशी की हालत में पहुंच गई। आरोप है कि आरोपी उसे पुराना बस स्टैंड के पास स्थित होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बना ली और उन्हें अपने एक साथी को भेज दिया और उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने 7 अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी।

## बार-बार बिजली चोरी करने वाले 90 गिरफ्तार, 37 करोड़ जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक नवदीप सिंह विर्क ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक से अधिक बार आदतन बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाना होगा। 2026 में जनवरी से मार्च तक इस प्रकार के 90 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पंचकूला में 1, फरीदाबाद में 13, नूंह में 2, गुरुग्राम में 48, रेवाड़ी में 3, फतेहाबाद में 30, जींद में 104, हिसार में 136, सिरसा में 33, झज्जर में 6, चरखी दादरी में 8, रोहतक में 2, सोनीपत में 2, भिवानी में 10 कुल मिलाकर 397 आरोपी गिरफ्तार किए गए। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में बिजली चोरी के वसूली से 37.28 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। अंबाला से 1.98 करोड़, कुरुक्षेत्र 1.09, पंचकूला 0.16, यमुनानगर 0.62, फरीदाबाद 4.37, पलवल 1.92, नूंह 0.81, गुरुग्राम 4.28, महेन्द्रगढ़ 0.41, रेवाड़ी 1.54, फतेहाबाद 1.93, जींद 1.96, हिसार 2.2, सिरसा 0.96, करनाल 0.67, पानीपत 1.31, कैथल 2.12, झज्जर 1.6, चरखी दादरी 0.93, रोहतक 1.92 सोनीपत 1.8 भिवानी 2.8 करोड़ रुपये की वसूली की गई है।

## बर्बरता की शिकार डेढ़ साल की बच्ची स्टेशन पर मिली

**रेवाड़ी।** वर्तमान में जहां समाज के लोग जागरूक होकर बेटियों के जन्म पर समारोह आयोजि कर रहे हैं, वहीं बुधवार सुबह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर निर्ममता का शिकार हुई एक डेढ़ वर्षीय बच्ची जख्मी हालत में मिली है। प्लेटफार्म पर सफाई करते समय सफाई कर्मचारी ने बच्ची को बेंच पर कंबल में लिपटे हुए देखा और तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चाइल्ड वेलफेयर समिति को सूचित किया, जिसके बाद समिति ने बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

बच्ची के माथे और नाक पर घाव के निशान हैं, जबकि एक आंख चोट के कारण फूल चुकी है। चाइल्ड वेलफेयर समिति यानि सीडब्ल्यूसी की इंचार्ज श्रुति शर्मा ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 8 बजे रेलवे प्लेटफॉर्म पर बच्ची के मिलने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि बच्ची की स्थिति को देखकर लग रहा है कि वह कुपोषण का शिकार है। बच्ची की हालत भी अभी ठीक नहीं है। पुलिस रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बच्ची के परिजनों की तलाश में जुट गई है। समिति इंचार्ज ने बताया कि यदि बच्ची के परिजन नहीं मिलते हैं, तो उसे बाल संरक्षण गृह में रखा जाएगा।

# पूर्व विधायक की फैक्ट्री पर फायरिंग का आरोपी पुल से कूदा

- इनेलो नेता व अभय चौटाला के समधी दिलबाग सिंह की फैक्ट्री पर दो ने की थी फायरिंग
- एक आरोपी को निशानदेही के लिए लेकर जा रही थी पुलिस, भागकर पुल से कूदा तो टूटीं टांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की सीआईए टू पुलिस टीम ने 30 मार्च को इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की जठलाना स्थित प्लाईबोर्ड फैक्ट्री के बाहर फायरिंग मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम जब आरोपी को सबूतों की बरामदगी के बारे में लेकर जा रही थी तो उसने पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोनों पैरों पर चोटें आई हैं। घायल आरोपी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामले में अभी एक अन्य आरोपी फरार है। बता दें कि दिलबाग सिंह इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला के समधी हैं।



पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिला पुलिस की सीआईए टू ने कार्रवाई करते हुए 30 मार्च की रात को जठलाना गांव में प्लाईवुड फैक्ट्री पर हुई फायरिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान जिला कुरुक्षेत्र के गांव सिंनहरी खालसा निवासी अमन उर्फ काकू के नाम से हुई। पुलिस की टीम जब आरोपी को वारदात से जुड़े सबूतों की बरामदगी के लिए लेकर जा रही थी तो खजूरी पुल के पास उसने पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की और पुल से छलांग लगा दी। पुलिस ने तुरंत उसे काबू में लेकर सिविल अस्पताल यमुनानगर में भर्ती कराया।

**खाड़ी युद्ध** गैस किल्लत के चलते बेरोजगार हुए 10 हजार से ज्यादा श्रमिक कर चुके पलायन

# 200 फैक्ट्री बंद, युद्ध थमने से दोबारा चलने की आस

मनोज वर्मा ▶▶ रोहतक

अमेरिका-इजरायल- ईरान युद्ध का असर रोजगार पर साफ दिखाई दिया है। फैक्ट्रियों पर ताले लटके हैं, श्रमिक बेरोजगार हैं। कारण है गैस नहीं मिलना। गैस की कमी उद्योगों और मजदूरों के लिए बड़ी आफत बन गई है। ईंधन की कमी से मशीनें नहीं चल पा रही। अकेले पानीपत में हालात ये हैं कि करीब 200 से 250 फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं, हालात यही रहे तो यह संख्या और बढ़ेगी। इनमें काम करने वाले करीब एक लाख श्रमिकों के पास काम नहीं है। वहीं, गैस न होने से खाना बनाने का भी संकट है। अनुमान है कि 10 हजार से ज्यादा श्रमिक पानीपत छोड़कर अपने-अपने गांव चले गए हैं। वहीं, इन उद्योगों से जुड़े दुकानदार भी धंधा मंदा होने की वजह से परेशान हैं। गौर करने लायक है कि अमेरिका-इजरायल- ईरान युद्ध शुरू होने के तीन दिन बाद ही सरकार की ओर फैक्ट्री संचालकों को गैस सप्लाई बंद करने का नोटिस दे दिया गया था। अब जब युद्ध विराम का ऐलान हुआ है तो उद्यमियों को उम्मीद है कि जल्द हालात सामान्य होंगे और फैक्ट्रियां फिर गति पकड़ेंगी।

**आउटर फैक्ट्रियों में पीएनजी न होने से लगे ताले :** पानीपत में छोटी-बड़ी करीब 38 हजार फैक्ट्रियां हैं। आउटर की फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। पानीपत के इंडस्ट्रियल एरिया में भी वो ही फैक्ट्रियां चल रही हैं, जो पीएनजी पर निर्भर हैं। आउटर की फैक्ट्रियों में एलपीजी गैस से मशीनें चलती थी, वहां पीएनजी कनेक्शन नहीं है, इसलिए बंद कर दी गई हैं। इंडस्ट्रियल एरिया में भी लगभग हर फैक्ट्री के बाहर बोर्ड लगे हैं कि हेल्पर चाहिए, लेकिन श्रमिक नहीं मल रहे।

**22 हजार करोड़ से ज्यादा का निर्यात, ऑर्डर अटके :** गुरुग्राम के बाद पानीपत सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला जिला है। लगभग पूरे विश्व में 22 हजार करोड़ से ज्यादा का टेक्सटाइल माल एक्पोर्ट होता है। खाड़ी युद्ध की वजह से सैकड़ों करोड़ के ऑर्डर अटके हुए हैं। खाड़ी देशों से नए ऑर्डर भी नहीं मिल रहे।



पानीपत। एक फैक्ट्री में मशीनें बंद होने की वजह से आराम करते श्रमिक।

### पीएनजी भी 24 घंटे में केवल 60 प्रतिशत

पीएनजी से चलने वाली फैक्ट्रियां भी प्रभावित हैं। फैक्ट्रियों में पीएनजी की सप्लाई भी घटा दी गई है। एक फैक्ट्री को 24 घंटे में सिर्फ 600 यूनिट गैस की सीमा तय की गई है। एक महीने से 60 प्रतिशत गैस उपयोग करने का नियम बनाया गया है। रेट की बात करें तो पीएनजी का रेट 1632 रुपये एमक्यू था। अब नया नियम ये बनाया है कि अगर 24 घंटे में 60 प्रतिशत से ज्यादा पीएनजी उपयोग की तो दोगुने रेट लगेंगे। यानी 1632 रुपये एमक्यू की जगह 3264 एमक्यू के हिसाब से चार्ज लगेंगे। इन बड़ी फैक्ट्रियों में 450 किलो वाले सिलेंडर सप्लाई किए जाते हैं, जो एक महीने से सप्लाई नहीं किए जा रहे।

### ऑर्डर लेट तो दोगुना नुकसान



पानीपत उद्योग नगरी है, यहां से दुनिया के करीब सभी देशों में टेक्सटाइल का सामान जाता है। सामान की डिलीवरी लेट हुई तो उसे भेजने में दोगुना खर्च आता है। फिलहाल हालात ये हैं कि गैस की कमी के कारण मशीन नहीं चल रही, ऑर्डर पूरा नहीं हो रहा। इस कारण माल भेजने में भी दोगुना खर्च करना पड़ रहा है। जल्द ही इस समस्या का समाधान होना चाहिए।

- **नीतिन अरोड़ा**, अध्यक्ष, डायर्स एसोसिएशन

## सीएम के एडवाइजर भंडारी ने चेताया

# राज्यसभा चुनाव में पैसे के लेनदेन का आरोप लगाने वालों पर होगा केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



सीएम नायब सिंह सैनी के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी का कहना है कि कांग्रेस से हर मामले में चूक हुई है, यही हरियाणा में कर्मबीर बौद्ध को प्रत्याशी बनाने में रहा। अधिकांश विधायक विरोध में थे, क्योंकि एक व्यक्ति रिटायर होकर दो चार लोगों को खुश कर सीधा राज्यसभा में चला गया, जबकि कांग्रेस में पुराने कांग्रेसियों को पार्षद का टिकट तक नहीं मिला।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी ने कांग्रेस के नेताओं को चेतावनी दी है कि राज्यसभा चुनाव में पच्चीस-पच्चीस करोड़ बांटने के आरोप लगाने वाले नेता साबित करें कि यह पैसा कब और कैसे दिया गया। भंडारी ने कहा कि करोड़ों के आरोप लगाने वालों के विरुद्ध जल्द ही लीगल एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वैसे तो यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है लेकिन पिछले राज्यसभा चुनावों के बारे में भी नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा साफ करें कि पहले गलती करने वालों के विरुद्ध क्या एक्शन लिया गया। हरियाणा में पहले भी स्याही कांड हो चुका है, 15 वोटों का उस वक्त खेल हुआ था जो पूरे देश में मशहूर है। अब राज्यसभा के सांसद कार्तिकेय शर्मा के चुनाव के दौरान भी वोट रिजेक्ट हुए थे, तो तब कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

## चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा

# आरबीआई ने रेपो दर को यथावत रखा, 2026-27 में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए बुधवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। आरबीआई ने इसके साथ सतर्क रुख अपनाते हुए 'देखो और इंतजार करो' की नीति का रुख अपनाया है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में लगभग 40 दिन चले युद्ध के कारण कच्चे तेल दाम में उल्लेखनीय तेजी आई है। इससे ईंधन के आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है।

### रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की छह अप्रैल से शुरू तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए इन निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा, ''एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही एमपीसी ने मौद्रिक नीति के मामले में 'तटस्थ' रुख को बनाये रखा है।

**महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए नीतिगत दर यथावत रखी**

**आरबीआई ने सतर्क रुख अपनाते हुए देखो और इंतजार करो की नीति अपनाई**

**ईंधन के आयात पर निर्भर भारत के लिए मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा**




### अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत

गवर्नर ने कहा, ''हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद अधिक मजबूत है, जिससे अब इसमें झटकों का सामना करने की क्षमता पहले की तुलना में अधिक है। इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है।

### रुपये में 52 पैसे का उछाल

इसके साथ ही अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से चार प्रतिशत से अधिक टूटा है। इससे आयातित मुद्रास्फीति बढ़ने का जोखिम है। हालांकि, संघर्ष विराम की घोषणा के बाद रुपया 52 पैसे चढ़कर 92.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया है।

### मासिक किस्त यथावत बनी रहेगी

इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई के रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त जस-की-तस बने रहने की संभावना है।

### खुदरा महंगाई 4.6 फीसदी रहने का अनुमान

*आरबीआई ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण जिंस की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं के कारण वृद्धि दर में नरमी रह सकती है। नई जीडीपी श्रृंखला (आधार वर्ष 2022-23) के तहत दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 2025-26 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक तीन से पांच जून को होगी।*

## मुद्रा योजना ने छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप को मजबूत बनाया : शाह



**पिछले 11 वर्षों में स्वरोजगार व छोटे उद्योगों को गति दी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 11 वर्षों में छोटे कारोबारियों और स्टार्टअप को बिना गारंटी ऋण देकर उन्हें मजबूत बनाया है और स्वरोजगार तथा छोटे उद्योगों को नई गति दी है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अमित शाह ने कहा कि मुद्रा योजना के 11 वर्षों में 58 करोड़ ऋण वितरित किए गए हैं, जिनकी कुल राशि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इससे 12 करोड़ युवाओं को लाभ मिला है और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा को नई गति मिली है। शाह ने कहा, /''मुद्रा योजना के 11 वर्षों में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना गारंटी ऋण देकर छोटे कारोबारियों और नए उद्यमों को सशक्त बनाया है, जिससे स्वरोजगार और छोटे उद्योगों को नई ताकत मिली है।/ उन्होंने यह भी कहा कि हर तीन में दो मुद्रा ऋण महिलाओं को दिए जाना महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

जे-17011/658/2025-आईसी-पार्ट(2)
**युवा मामले एवं खेल मंत्रालय**
**(युवा मामलों का विभाग)**
**जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023**
वेबसाइट : https://yas.gov.in

**वॉक-इन-इंटरव्यू**

अनुबंध आधार पर परामर्शदाताओं की भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023 में 13 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा।

**ध्यान दें :** रिक्तियों, अन्य विवरण और शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, हेतु कृपया हमारी वेबसाइट https://yas.gov.in पर बारम्बार पधारें। इस सम्बन्ध में कोई अलग से सूचना समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

हस्ता/- भारत सरकार के अवर सचिव
सीबीसी-47107/11/0001/2627

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण कुमार पुत्रः** जय दयाल सिंह, **निवासः** म.नं. 27, ऋचा का मकान, गुर्जर वाली गली, चन्दन हौला, नई दिल्ली एवं स्थाई निवासः गाँव सूजानवास, महेन्द्र गढ़, हरियाणा ने **FIR No. 242/23 U/s 323/341/506/509 IPC., थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करण कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 242/23 U/s 323/341/506/509 IPC., थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आशीष कुमार मीणा
जेएमएफसी-01, कमरा नं. 214
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4533/SD/2026
(Court Notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **रवि पहलवान उर्फ रवि वैद उर्फ राहुल वैद, पुत्रः श्री किशन कुमार, निवासीः मकान नं.: 664/1, लाइन पार कमल विहार, विकास नगर, बहादुरगढ़, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.370/2025 U/S 109(1)/61(2)/3(5) BNS AND 25/27/54/59 शस्त्र अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना शाहदरा, शाहदरा जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रवि पहलवान उर्फ रवि वैद उर्फ राहुल वैद** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रवि पहलवान उर्फ रवि वैद उर्फ राहुल वैद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.370/2025 U/S 109(1)/61(2)/3(5) BNS AND 25/27/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना शाहदरा, शाहदरा जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **रवि पहलवान उर्फ रवि वैद उर्फ राहुल वैद** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **10.06.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, राहुल सैनी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
कमरा नं. जी-6, नया न्यायालय भवन,
शाहदरा, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4578/SHD/2026
(अदालती मामला)

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम, कच्चे तेल में नरमी से सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को जोरदार तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के करीब पहुंच गया। पश्चिम एशिया में दो सप्ताह के युद्ध विराम की घोषणा से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। व्यापारियों ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय, सभी क्षेत्रों में भारी लिवाली और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती से भी निवेशकों की धारणा में सुधार आया है। बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,946.32 अंक यानी 3.95 प्रतिशत बढ़कर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 3,018.96 अंक चढ़कर 77,635.54 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 873.70 अंक यानी 3.78 प्रतिशत बढ़कर 23,997.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 901.5 अंक चढ़कर 24,025.15 अंक पर पहुंच गया था। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम की घोषणा के बाद वैश्विक धारणा में सुधार के कारण यह तेजी आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में काफी गिरावट आई और मुद्रास्फीति तथा वैश्विक वृद्धि को लेकर चिंताएं कम हुईं।''रभारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दर और तटस्थ रुख को यथावत रखने के निर्णय से भी धारणा मजबूत हुई।

## क्रूड की कीमतें 15% तक क्रैश, ऑयल कंपनियों के शेयर उछले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आई तेज गिरावट ने भारतीय ऑयल कंपनियों के शेयरों में बड़ा उतार-चढ़ाव पैदा कर दिया है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ दो हफ्ते के सीजफायर की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में करीब 15-17 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई। इसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार में ऑयल सेक्टर पर पड़ा। तेल की कीमतों में गिरावट का सबसे ज्यादा फायदा डाउनस्ट्रीम कंपनियों को हुआ, जैसे एचपीसीएल, आईओसी और बीपीसीएल। इन कंपनियों का काम कच्चे तेल को रिफाइन करके पेट्रोल-डीजल बनाना होता है। कच्चा तेल सस्ता होता है, तो इनकी लागत घटती है, मुनाफा बढ़ता है। यही वजह है कि इनके शेयरों में 6 से 10 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। वहीं रिलायंस के शेयरों में भी बढ़त दर्ज हुई, क्योंकि इसका रिफाइनिंग बिजनेस भी इस ट्रेंड से फायदा उठाता है।



### पेंट और टायर के शेयरों की चमक भी बढ़ी

पेंट कंपनियों के शेयरों पर भी क्रूड में गिरावट का असर दिखा। पेंट कंपनियां उत्पादन में क्रूड ऑयल का इस्तेमाल करती हैं। एशियन पेंट का शेयर उछाल के साथ 2288 रुपये पर बंद हुआ। कंसई नेरोलक पेंट का शेयर 5.19 फीसदी उछाल के साथ 187.61 रुपए पर चल रहा था। 8 अप्रैल को टायर कंपनियों के शेयरों में भी तेजी देखने को मिली। टायर कंपनियां उत्पादन में क्रूड ऑयल का इस्तेमाल करती हैं। सीएट का शेयर 4.33 फीसदी के उछाल 3,540 रुपए पर बंद हुआ। अपोलो का शेयर 5.85 फीसदी की तेजी के साथ 437 रुपए पर ट्रेड किया था। एमआरएफ का शेयर 5.63 फीसदी की तेजी के साथ 1,32,810 रुपए बंद हुआ। इंटरग्लोबल एविएशन के शेयरों को 8 अप्रैल को पंख लग गए। दोपहर में यह शेयर 9.02 फीसदी उछाल के साथ 4,654 रुपए पर चल रहा था। सस्ते क्रूड से कंपनी की ऑपरेशनल कॉस्ट में कमी आएगी, जिससे उसका मार्जिन बढ़ेगा। 28 फरवरी को मध्यपूर्व में लड़ाई शुरू होन के बाद से इस शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी।

**हरियाणा सरकार** **शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.EPC/05/ DARKFIBER, DATED 15.01.2026 | शुद्धिपत्र-3/जमा करवाने की निर्धारित तिथि का विस्तार 28.04.2026 तक 17.00 बजे तक (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44501/I/88/6 दि. 08.04.26

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोनालीका ने ऐतिहासिक 30वें वर्ष में 1,80,504 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री की



**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष '26 में 1,80,504 ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक कुल वार्षिक बिक्री दर्ज करके अपने 30वें वर्ष में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता कंपनी के अनुशासन, किसानों को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण और तकनीकी रूप से उन्नत, हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों की आपूर्ति पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है। यह शानदार उपलब्धि किसानों के बढ़ते भरोसे और अलग-अलग क्षेत्रों में कंपनी की मजबूत साझेदारी को भी दर्शाती है, जिससे किसानों की अलग-अलग जरूरतें पूरी हो सकें। आज जहां एक ओर विश्व चुनौतियों से जूझ रहा है, सोनालीका ने अपने विश्व के नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट में बेहतर फ़ोकस, नवीन निर्माण, और उन्नत उत्पादन के दम पर जबरदस्त गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष '26 में सफल प्रोडक्ट लॉन्च के बाद, सोनालीका भविष्य की खेती में वृद्धि को और भी तेज़ करने के लिए आधुनिक समाधान प्रदान करने हेतु अपने रिसर्च और डेवलपमेंट क्षमताओं को मजबूत करने में लगा है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, "अपने 30वें वर्ष में, हमारा 'जीतने का दम' सचमुच साकार हुआ है, क्योंकि हमने 1,80,504 ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक कुल वार्षिक बिक्री की ख़ास उपलब्धि हासिल की है।

## युद्धविराम के बाद सोना और चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत होने के बाद मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,000 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत मंगलवार के बंद स्तर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,000 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,200 रुपये यानी 2.09 प्रतिशत बढ़कर 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) हो गया।पिछले बाजार सत्र में यह 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से सर्राफा कीमतें मजबूत हुईं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-424, दिनांक 07.04.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), **पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.- झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** (I) निम्नलिखित के संबंध में विद्युत कार्य : "मालदा टाउन मंडल के तहत डीआरएच/एमएलडीटी, हेल्थ यूनिट साहिबगंज और भागलपुर में पावर सप्लाई का विस्तार एवं अन्य सहायक कार्य", (II) "न्यू फरक्का जंक्शन और सुल्तानगंज स्टेशनों पर 40 केएलडी क्षमता के पूर्वनिर्मित अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण संयंत्र की स्थापना"। **निविदा मूल्य :** रु. 1,27,51,029.40, **बयाना राशि:** रु. 2,55,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 15.04.2026 से 29.04.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : वेबसाइट: www.ireps.gov.in सूचना पट:** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MLD-10/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**NOTICE**

**IN THE COURT OF DR.AMAN INDER SINGH, CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION), KAITHAL.**
**PUBLICATION**
C.L.S. No. SUCC/01/2026
Date of Institution: 02.01.2026
CNR No.HRKH02-000023-2026
Next Date of Hearing: 27.05.2026 at 10:00 A.M.
1 Smt. Vedpati wd/o Sh. Ved Pal 2) Kiran Chahal w/o Asjwari Kumar 3) Shubham Chahal son of Ved Pal 4) Dhanpati wife of Sh. Bhag Singh, all residents of village Kotra Tehsil Rajound Distt Kaithal
..... Petitioners
Vs
.....Respondent
1) General Public
**Petition for grant of succession certificate u/s 372 of Indian Succession Act**

Whereas in the above noted petition, it has been proved to the satisfaction of this Court that the above named **Respondent i.e. No 1) General Public**, can not be served in ordinary way of process. Hence, this publication notice is hereby issued against the above noted **Respondent i.e. No. 1) General Public.** If he/she/they want to contest this petition. he/she/they should appear in this court on **27.05.2026** at 10:00 A.M. personally or through duly instructed agent/pleader, failing which an exparte proceeding shall be taken against him/her/them.

Given under my hand and seal of the Court on dated 7th April, 2026.

Sd/-(Dr.Arman Inder Singh) Civil Judge (Sr. Divn.
07.04.2026

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. N. | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-UMB-GZ-76-26-1 | अंबाला कैंट (UMB) रेलवे स्टेशन पर 13' x 10' (130 वर्ग फुट) के कुल क्षेत्र में रिलेक्सेशन यूनिट्स के साथ एक गेमिंग ज़ोन का विकास, संचालन और प्रबंधन 5 वर्षों की अवधि के लिए (स्वीकृत साइट योजना के अनुसार) | 17.04.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | PARKING-UMB-PUL-MX-128-26-1 | साइट योजना के अनुसार, स्टेशन भवन के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 507 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग लॉट और रामपुरा फूल (PUL) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर कुल 386.82 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक दोपहिया वाहन पार्किंग लॉट। | 17.04.2026 12.00.00 hrs |
| 3 | PARKING-UMB-SRE-MX-125-26-1 | T2 कॉलोनी पार्क के पास 1133 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट, सहारनपुर। | 17.04.2026 12.00.00 hrs |
| 4 | ADVT-UMB-NLDM-OH-347-26-1 | साइट योजना के अनुसार, नंगल डैम (NLDM) रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल/होर्डिंग के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 02 साइटें, कुल क्षेत्रफल 870 वर्ग फुट। | 17.04.2026 12.00.00 hrs |
| 5 | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 | कैटलॉग नंबर UMB-Mix-17-2026 (केटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (GMU) (साइज़ 10' X 6') स्टॉल नंबर 2, पीएफ नंबर 1 पर, सामान्य श्रेणी के लिए, मालेरकोटला (MET) रेलवे स्टेशन। | 21.04.2026 12.00.00 hrs |
| 6 | PARKING-UMB-SSW-MX-131-26-1 | सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट (साइट योजना के अनुसार)। | 21.04.2026 12.00.00 hrs |
| 7 | ADVT-Int-135985-5-26-1 | ट्रेन नंबर 12449/50 (CDG-MAO-CDG) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्डों का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार)। | 21.04.2026 12.00.00 hrs |
| 8 | ADVT-Int-250749-2-26-1 | ट्रेन नंबर 20493/94 (CDG-MDU-CDG) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्डों का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार)। | 21.04.2026 12.00.00 hrs |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
1171/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 6190




**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 6189 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | ■ | मि | ■ | वि | रा | स | त |
| ■ | र | ■ | घु | ■ | ग | द | र | ■ | ही | न |
| क | ■ | ■ | व | रा | ह | ■ | ह | ■ | ■ | हा |
| म | हा | वी | र | ■ | बा | ल | ■ | क | मा | ई |
| जो | ■ | रा | ■ | ना | न | ■ | श | ■ | ख | ■ |
| र | म | णी | य | ता | ■ | भा | व | ही | न | ता |
| ■ | न | ■ | म | ■ | ज | ल | ■ | ट | ■ | र |
| अ | का | ल | ■ | शू | ल | ■ | नी | र | व | ता |
| प | ■ | ■ | न | ■ | प्र | ख | र | ■ | ■ | र |
| रा | ल | ■ | म | हु | बा | ■ | स | ■ | मी | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ह | ■ | ता | र | त | म्य |



## चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थमा, 4 मई को मतगणना

# असम, केरल-पुडुचेरी में वोटिंग आज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थम चुका है। गुरुवार को इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होने हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी। असम की 15वीं विस का कार्यकाल 20 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। वहीं, केरल में 140 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुख्य राजनीतिक दलों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने को 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाता वोटिंग करेंगे।




### सियासत का बड़ा इम्तिहान

असम, केरल और पुडुचेरी में एक ही दिन वोटिंग होना अपने आप में बड़ा सियासी इवेंट है। इस चुनाव में हर पार्टी के लिए यह इम्तिहान की घड़ी है। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं, बल्कि जनता के मूड को समझने का भी मौका है। खासकर राष्ट्रीय दलों के लिए यह चुनाव उनकी साख से जुड़ा हुआ है। हर पार्टी ने युवाओं और स्थानीय मुद्दों पर जोर दिया है। असम में 1,388 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें 817 उम्मीदवार थे। केरल में 2,117 नामांकन के साथ 1,252 उम्मीदवार और पुडुचेरी में 514 नामांकन के साथ 442 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। कुल मिलाकर 4,019 नामांकन दाखिल हुए, जिनमें 2,511 उम्मीदवार शामिल थे। हालांकि, स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद अंतिम उम्मीदवारों की संख्या घटकर लगभग 1,900 से ज्यादा रह गई है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत 'साइलेंस पीरिएड' लागू है। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में मतदान के बाद 4 मई को मतगणना होगी और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### चुनाव आयोग ने 5 मिनट में ही भगाया: टीएमसी

एसआईआर पर आपत्ति जताने गए थे पार्टी नेता

ईसी बोला-इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव भय मुक्त होंगे

ममता के नौ पत्र मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सौंपे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और चुनाव आयोग आमने-सामने आ गए हैं। सांसद डेरेक ओ'ब्रायन के नेतृत्व में टीएमसी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार सुबह दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा। डेरेक ने कहा कि हमने एसआईआर मुद्दे पर समय मांगा था, लेकिन बैठक के दौरान खराब व्यवहार किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने हमें सिर्फ 5 मिनट में भगा दिया। डेरेक ओ'ब्रायन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बैठक सुबह 10:02 बजे शुरू हुई और 10:07 बजे खत्म हो गई। हम 4 लोग गए। ममता ने नौ पत्र लिखे। एक का जवाब नहीं मिला।

**आयोग का अल्टीमेटम**

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस बार बंगाल में चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होंगे। आयोग ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि चुनाव भयमुक्त, हिंसा रहित, धमकियों से मुक्त, लालच रहित होंगे। आयोग ने कहा कि किसी तरह की छापेमारी, बूथ जामिंग या स्रोत जामिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### खड़गे ने गुजरातियों पर दिए बयान पर खेद जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात के बारे में अपनी विवादित टिप्पणियों पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बातों का जानबूझकर गलत अर्थ निकाला जा रहा है और उनका इरादा कभी भी किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। वह गुजरात के लोगों का बहुत सम्मान करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। उनका यह स्पष्टीकरण केरल में मतदान से पहले बढ़ते विवाद के बीच आया है। एक्स पर खरगे ने कहाकि 'हाल ही में केरल में दिए गए मेरे भाषण की कुछ टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। फिर भी, मैं जिम्मेदारी के साथ खेद व्यक्त करता हूं।


किसी की भावनाओं को आहत करना मेरा उद्देश्य नहीं था

धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ भेदभाव पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई

## सबरीमला पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी 'अंधविश्वास है या नहीं, हम तय करेंगे'

**धार्मिक परंपरा को अंधविश्वास नहीं कह सकता कोर्ट : सरकार**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सबरीमला विवाद पर हो रही सुनवाई के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उसे यह तय करने का अधिकार है कि किसी धर्म में कौन-सी प्रथा अंधविश्वास है या नहीं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने दलील दी थी कि धर्म से जुड़े मामलों पर फैसला करना कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। केंद्र ने यह भी का कि जज कानून के विशेषज्ञ हैं, धर्म के नहीं। सुको ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि जो विधायिका तय कर दे वही अंतिम हो जाए। सबरीमला विवाद अब सुप्रीम कोर्ट में है और चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9-जजों की संविधान बेंच केरल के सबरीमला मंदिर समेत धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश से जुड़े कथित भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। बुधवार को सुनवाई की शुरुआत में केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सवाल किया कि अदालत यह कैसे तय करेगी कि कोई प्रथा अंधविश्वास पर आधारित है। 'मान लें कि कोई प्रथा अंधविश्वास पर आधारित है, तब भी यह तय करना अदालत का काम नहीं है। संविधान के तहत यह काम विधायिका का है कि वह सुधार के लिए कानून बनाए।'

आप एक्सपर्ट नहीं, फैसला विधायिका करेगी : केंद्र



### बैंक खाता फ्रॉड घोषित करने से पहले सुनवाई जरूरी नहीं: सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अगर बैंक किसी खाते को फ्रॉड घोषित करता है, तो उससे पहले उधार लेने वाले को आमने-सामने (पर्सनल) सुनवाई का मौका देना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि नोटिस देना और जवाब का मौका देना ही काफी है। जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने यह फैसला देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने बैंक से कहा था कि उधार लेने वाले के खाते को फ्रॉड घोषित करने से पहले मौखिक सुनवाई का मौका दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि अगर बैंक ऑडिट रिपोर्ट, खासकर फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर फैसला ले रहा है, तो उसकी कॉपी उधार लेने वाले को देना जरूरी है।

कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश रद्द किया

### शारदा चिटफंड: सुदीप्त को जमानत

**कोलकाता (भाषा)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को करोड़ों के शारदा पोंजी घोटाले के आरोपी सुदीप्त सेन को उनके खिलाफ दर्ज लगभग 300 आपराधिक मामलों में से अंतिम दो मामलों में जमानत दे दी, जिससे 13 साल बाद उनकी जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उत्तर 24 परगना के बारासात थाने से संबंधित दो मामलों में सेन को जमानत दे दी। सेन को उनके खिलाफ दर्ज अन्य सभी मामलों में पहले ही जमानत मिल गई है जिसमें सीबीआई द्वारा दर्ज चार आपराधिक मामले भी शामिल हैं।



### नारायण साईं का 18 साल बाद तलाक

**भोपाल (एजेंसी)।** इंदौर की फैमिली कोर्ट के फैसले में नारायण साईं और जानकी देवी के बीच तलाक मंजूर कर लिया है। कोर्ट ने इसी के साथ तीन महीने के भीतर 2 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। जानकी देवी के वकील का कहना है कि साल 2018 में तलाक की अर्जी दायर हुई थी, उस समय कोर्ट ने 50 हजार हर महीने का आदेश नारायण साईं को दिया था। लेकिन नारायण साईं ने 8 साल में एक भी पैसा जानकी देवी को नहीं दिया। बता दें कि नारायण साईं रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहा है। वह सूरत की जेल में बंद है।



**पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले**

### 41 हजार करोड़ की सब्सिडी को मंजूरी

## किसानों को दी सौगात नहीं बढ़ेंगे खाद के दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

बुधवार का दिन देश के विकास और करोड़ों अन्नदाताओं के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पांच ऐसे बड़े फैसले लिए गए। देश के इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और कृषि से जुड़े कई बड़े फैसलों पर मुहर लगी। किसानों के लिए 41 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की खाद सब्सिडी को भी मंजूरी मिली। वहीं राजस्थान रिफाइनरी प्रोजेक्ट पर 79,459 करोड़ और जयपुर मेट्रो के दूसरे फेज के लिए 13,038 करोड़ को मंजूरी दी। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश में दो बड़े हाइड्रो प्रोजेक्ट्स के लिए 40,000 करोड़ भी मंजूरी मिली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में जानकारी दी।



### महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के लिए मंजूरी!

**नई दिल्ली (भाषा)।** माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के लिए बुधवार को मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस संशोधन के तहत लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करने और उनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है तथा इसे 2029 के आम चुनाव में लागू किया जाएगा। सरकार ने संसद के 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें संशोधन विधेयक पारित होने की उम्मीद है।

### वरिष्ठ कांग्रेसी मोहसिना किदवई का निधन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने उनके निधन पर दुख जताया और इसे पार्टी एवं देश के लिए बड़ी क्षति बताया।

### असम केस में जमानत को हाईकोर्ट पहुंचे खेड़ा

हैदराबाद। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को तेलंगाना हाईकोर्ट रुख किया है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुयन सरमा पर आरोप लगाने के बाद असम में उनके खिलाफ दर्ज मामले में अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### 5 घंटे तालाब में छिपा रहा 400 चोरियों का मास्टरमाइंड



कमल की डंठल से लेता रहा सांस

एसी कोच से पर्स खींचकर भागा था

यूपी के बिजनौर में निर्दलीय पार्षद रहा

आठ राज्यों की पुलिस ढूंढ रही थी

**जबलपुर।** जबलपुर में पुलिस और एक शातिर अंतरराज्यीय चोर के बीच मंगलवार शाम फिल्मी ड्रामा देखने को मिला। पुलिस को चकमा देने के लिए आरोपी खितौला रेलवे स्टेशन के पास एक काई से भरे तालाब में कूद गया। वह करीब 5 घंटे तक पानी के अंदर छिपा रहा। चौंकाने वाली बात यह है कि वह सांस लेने के लिए कमल की डंठल (कमल-नाल) का सहारा लेता रहा। आखिरकार गोताखोरों की मदद से उसे दबोच लिया गया। घटना रीवा-इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन की है। एसी कोच में एक महिला का पर्स चोरी करने की कोशिश के दौरान आरोपी आरपीएफ (आरपीएफ) की नजर में आ गया। जैसे ही ट्रेन सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन के पास धीमी हुई, आरोपी कूदकर भागने लगा। आरपीएफ जवानों ने पीछा किया तो वह खितौला के एक गहरे और काई से भरे तालाब में जा कूदा। रात के अंधेरे और घनी शैवाल के कारण वह पुलिस की आंखों से ओझल हो गया।

## जिसे डब्ल्यूएचओ ने 'असंभव' कहकर छोड़ा, पतंजलि ने उसे किया साकार

एजेंसी ▸▸ हरिद्वार

कभी दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था ने जिस काम को 'असंभव' मानकर बीच रास्ते में छोड़ दिया था, उसी कार्य को भारत में एक संकल्प ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उसे इतिहास में दर्ज कर दिया।

यह कहानी है उस अद्भुत पुरुषार्थ की, जहां तप, शोध और दूरदर्शिता ने मिलकर 'विश्व भेषज संहिता' जैसा महाग्रंथ रच दिया और आज हालात यह है कि डिजिटल युग की दिग्गज कंपनी गूगल भी उसी ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पतंजलि के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। वर्ष 1999 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की। लक्ष्य था, दुनिया भर की वनस्पति आधारित चिकित्सा पद्धतियों, औषधीय पौधों और पारंपरिक ज्ञान को एकत्रित कर एक वैश्विक दस्तावेज तैयार करना। 11 वर्षों की मेहनत के बाद 2010 में डब्ल्यूएचओ ने इस परियोजना को रोक दिया।



कारण साफ था, यह कार्य अत्यधिक व्यापक, जटिल एवं लगभग असंभव सा प्रतीत हो रहा था। अंततः डब्ल्यूएचओ केवल तीन सीमित वॉल्यूम तक ही सिमट गया।



## चिंतन

# मध्यपूर्व में युद्धविराम दुनिया को देगा राहत

मध्यपूर्व की बारूदी जमीन पर 40 दिन तक चले संघर्ष के बाद अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्धविराम निस्संदेह दुनिया के लिए राहत की सांस लेकर आया है। यह विराम केवल गोलियों और मिसाइलों की खामोशी भर नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आम आदमी की रसोई तक फैले संकट से अस्थायी निजात का संकेत भी है। सवाल यह है कि क्या यह युद्धविराम स्थायी शांति की प्रस्तावना है या सिर्फ एक खतरनाक संघर्ष का छोटा सा 'पॉज'? हालांकि उम्मीद की जा सकती है कि अब दुनिया को कुछ राहत मिलेगी। इससे तेल, गैस, उर्वरकों और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। ईरान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद्द ने पूरी दुनिया को संकट में धकेल दिया था। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से इस लड़ाई की आंच लोगों की रसोई तक पहुंच गई थी। श्रमिकों, व्यापारियों और आमजन समेत हर वर्ग पर इसका व्यापक असर साफ देखा गया था। तेल, रसोई गैस और उर्वरक तक महंगे हो गए थे। होर्मुज खुलने से तेल, गैस और खाद्य पदार्थ आसानी से लोगों तक पहुंच सकेंगे। उम्मीद की जा सकती है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान दोबारा ऐसा कदम नहीं उठाएंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने वैश्विक तेल आपूर्ति को हिला दिया था। तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में उछाल ने विकासशील देशों की कमर तोड़ दी। भारत जैसे कृषि-प्रधान देश में इसका सीधा असर खेत और रसोई दोनों पर दिखा। महंगे उर्वरकों ने किसानों की लागत बढ़ाई तो रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों ने आम आदमी की थाली को प्रभावित किया। ऐसे में यह युद्धविराम आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इससे तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जगी है, जिससे महंगाई पर कुछ अंकुश लग सकता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों के लिए यह राहत इसलिए भी अहम है, क्योंकि उनकी उर्वरक जरूरतें खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर हैं। यदि आपूर्ति बहाल रहती है, तो आगामी कृषि सत्र अपेक्षाकृत स्थिर रह सकता है, लेकिन इस राहत के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह युद्धविराम किसी स्थायी समाधान का परिणाम नहीं, बल्कि परिस्थितियों की मजबूरी का उत्पाद है। अमेरिका में चुनावी दबाव, इज़राइल की सैन्य रणनीति और ईरान की क्षेत्रीय पकड़ इन सबके बीच यह समझौता हुआ है। यह शांति की इच्छा से ज्यादा, थकान और दबाव का समझौता प्रतीत होता है।सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह युद्धविराम केवल दो सप्ताह के लिए है। इतने कम समय में दशकों पुराने अविश्वास, वैचारिक टकराव और सामरिक प्रतिस्पर्धा को खत्म करना लगभग असंभव है। पूरे घटनाक्रम में एक और महत्वपूर्ण पहलू है क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका। पाकिस्तान के जरिए हुई मध्यस्थता ने भले ही अस्थायी राहत दिलाई हो, लेकिन यह भी साफ है कि बिना व्यापक और ईमानदार कूटनीतिक प्रयासों के स्थायी समाधान संभव नहीं है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियों को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। कहा जा सकता है कि अगर इस अवसर को गंभीर कूटनीतिक पहल, आपसी विश्वास निर्माण और दीर्घकालिक रणनीति से नहीं जोड़ा गया, तो यह केवल एक विराम बनकर रह जाएगा, जिसके बाद संघर्ष और अधिक तीव्रता के साथ लौट सकता है। दुनिया को अब युद्धविराम से आगे बढ़कर शांति की स्थायी इबारत लिखनी होगी। इसके लिए सभी शक्तिशाली देश प्रयास करें।



महिला आरक्षण बिल
नरेंद्र मोदी

# नारी शक्ति का सशक्तिकरण जरूरी

16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं।

इक्कीसवीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। आने वाले दिनों में भारत के अलग-अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है।

हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की



भागीदारी को मजबूती दी है। ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारी शक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह



# बाजार की चाल, अस्थिर रुपया और आरबीआई की सीमाएं

पिछले कुछ समय से वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान-अमेरिका–इजराइल के बीच जारी संघर्ष ने भारत की अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित किया है और इसका सबसे स्पष्ट असर रुपये पर देखने को मिला है। पिछले दो हफ्तों में रुपये का व्यवहार लगभग वैसा ही रहा है जैसा आर्थिक सिद्धांत बताते हैं, यानी जैसे-जैसे जोखिम बढ़ा, पूंजी बाहर निकली, तेल महंगा हुआ और घरेलू मुद्रा दबाव में आ गई। रुपये में आई तेज गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस गहरे असंतुलन का संकेत है, जो वैश्विक और घरेलू कारकों के मिलन से पैदा हुआ है। यह स्थिति इस बात को भी उजागर करती है कि जब बड़ी मात्रा में विदेशी पूंजी तेजी से बाहर निकलती है, तो भारत का भुगतान संतुलन उतना मजबूत सुरक्षा कवच नहीं रह जाता, जितना सामान्य परिस्थितियों में माना जाता है। इस घटनाक्रम की शुरुआत ऊर्जा बाजार से हुई। युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति पर खतरा बढ़ा और कीमतों में तेजी आई। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं, उन्हें अधिक डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर होता है। इसी के साथ विदेशी निवेशकों का भरोसा भी डगमगाया और उन्होंने भारतीय बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप डॉलर की उपलब्धता और कम हो गई, जिससे रुपये पर दोहरा दबाव पड़ा। यह वही स्थिति है, जिसे अर्थशास्त्र में मांग और आपूर्ति के सरल सिद्धांत से समझाया जाता है-जब डॉलर की मांग बढ़ती है और आपूर्ति घटती है, तो उसकी कीमत बढ़ती है और रुपया गिरता है। 30 मार्च आते-आते यह स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि रुपया अपने इतिहास के सबसे कमजोर स्तर के करीब पहुंच गया, दिन के दौरान लगभग 95 प्रति डॉलर तक फिसल गया। पूरे वित्तीय वर्ष में रुपये में लगभग 11 प्रतिशत की गिरावट यह दिखाती है कि यह केवल अल्पकालिक उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक दबाव है। असली कहानी केवल स्पॉट रेट की नहीं है, बल्कि उस व्यापक वित्तीय अस्थिरता की है जो इसके पीछे काम कर रही थी। जैसा कि हम जानते हैं कि जब भूराजनीतिक तनाव बढ़ता है, तो उसका असर केवल शेयर बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी वित्तीय प्रणाली में फैल जाता है। विदेशी मुद्रा बाजार में यह अस्थिरता सबसे पहले दिखाई देती है, जहां रुपये और डॉलर की कीमतें तेजी से बदलने लगती हैं। बैंक और डीलर इस जोखिम को संभालने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे इसे स्प्रेड यानी खरीद और बिक्री के दाम के अंतर के रूप में ग्राहकों पर डाल देते हैं। सामान्य समय में यह अंतर बहुत कम होता है, लेकिन जब बाजार में घबराहट बढ़ती है, तो यही स्प्रेड बढ़ जाता है और हर लेन-देन महंगा हो जाता है।

इस बार स्थिति और जटिल इसलिए हो गई है, क्योंकि बाजार में असंतुलन बहुत बढ़ गया है। सामान्यतः भारत के अंदर और विदेशों में रुपये की कीमत लगभग समान रहती है, लेकिन जब इन दोनों के बीच अंतर बढ़ने लगे, तो यह बाजार में गड़बड़ी और अनिश्चितता का संकेत होता है। इसी अंतर का फायदा उठाने के लिए ट्रेडर्स सक्रिय हो गए और आर्बिट्राज के जरिए लाभ कमाने लगे। 30 मार्च को डॉलर-रुपया बाजार में कुल लेन-देन लगभग 302 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो असामान्य रूप से अधिक था। इस पूरे तंत्र के केंद्र में एक असहज सच्चाई भी है-विदेशी मुद्रा बाजार केवल अस्थिरता को झेलता ही नहीं, बल्कि उससे लाभ भी कमाता है। बैंक और वित्तीय संस्थाएं बढ़ते स्प्रेड के जरिए ज्यादा मुनाफा कमाती हैं। इसके अलावा, उनके ट्रेजरी डेस्क भी बाजार की दिशा पर दांव लगाते हैं, जिसे तकनीकी रूप से जोखिम प्रबंधन कहा जाता है, लेकिन वास्तविकता में यह भी एक प्रकार की सट्टेबाजी होती है। ऑनशोर बाजार और ऑफशोर नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) के बीच का अंतर इस खेल को और बढ़ाता है। युद्ध, पूंजी का तेज बहिर्वाह, डॉलर की मजबूती और वैश्विक बाजारों की अस्थिरता जैसी स्थितियों से मुकाबले के लिए आरबीआई के पास सीमित उपकरण हैं, जैसे ब्याज दरों में बदलाव या विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग। जब बाहरी दबाव बहुत अधिक होता है, तो ये उपाय पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाते। यही कारण है कि आज का संकट केवल नीति की विफलता नहीं, बल्कि एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था का परिणाम है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थाओं की सीमाएं स्पष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए केवल अल्पकालिक हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं, बल्कि एक मजबूत, पारदर्शी और गहरे घरेलू विदेशी मुद्रा बाजार का निर्माण करना होगा, ताकि बाहरी झटकों का असर प्रभावी ढंग से कम किया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
## दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
## प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पौधे रोपना कितना जरूरी

आज हमें जो पेड़ों से फल और जीने के लिए मुफ्त की ऑक्सीजन मिल रही है, और इन पेड़ों को हमारे पूर्वजों और बुजुर्गों ने लगाया था। सोचो! अगर उन्होंने अपने समय में पौधे न लगाए होते तो आज हमें बहुत से पेड़ न नजर आते। और उन्होंने भी अगर आज की तरह पेड़ धड़ाधड़ काटे होते तो आज हमारा देश, जोकि प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना माना जाता है, यहां रेगिस्तान ही रेगिस्तान नजर आते। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को पेड़ों से मिलने वाली मुफ्त ऑक्सीजन का तोहफा देना है तो हमें भी जहां भी जगह मिले, वहां पौधे लगाने चाहिए और जब भी कोई घर, फैक्टरी या अन्य किसी भी प्रकार का निर्माण करें तो अपने यहां एक-दो पौधे लगाने की जगह जरूर छोड़नी चाहिए।

*- अंशुल, मधुबन*

## ट्रेंड

### बिना गारंटी के ऋण

मोदी सरकार के नेतृत्व में, छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर, स्वरोजगार और लघु उद्योगों को नई शक्ति प्रदान की गई है। इस कल्याणकारी योजना के तहत 40 लाख करोड़ से अधिक मूल्य के 58 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं।
**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



### किसानों का दर्द

किसानों का दर्द वही लोग सही मायने में समझ सकते हैं जिन्होंने स्वयं खेतों में पसीना बहाया हो। हमारा संकल्प है कि 2027 तक राजस्थान के हर जिले के किसानों को दिन के समय बिजली मिलेगी।
**-भजनलाल, सीएम, राजस्थान**



### चुनाव आयोग

अब यह कहने की भी जरूरत नहीं है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है और भाजपा से सीधे निर्देश ले रहा है। यह बात अब सबके सामने आ चुकी है और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**



### युद्धविराम का स्वागत


अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम स्वागत योग्य कदम है। आशा है कि इन दिनों में समझदारी से काम लिया जाएगा और हम स्थायी शांति की ओर बढ़ेंगे। बच्चों को संभावनाओं से भरा भविष्य मिलना चाहिए, न कि विनाश से।
**-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता**



## करंट अफेयर

# ग्रामीण भारत में 46% लोग भूमिहीन : रिपोर्ट

देश के ग्रामीण इलाकों में शीर्ष 10 प्रतिशत परिवारों के पास 44 प्रतिशत जमीन है, जबकि 46 प्रतिशत भूमिहीन हैं। 'वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब' के एक अध्ययन में यह बात कही गई है। 'भारत में भूमि असमानता : प्रकृति, इतिहास एवं बाजार' शीर्षक वाले इस कार्य-पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण भारत में शीर्ष पांच प्रतिशत परिवार 32 प्रतिशत जमीन के मालिक हैं, जबकि शीर्ष एक प्रतिशत परिवारों के पास 18 प्रतिशत कृषि भूमि है। यह अध्ययन नितिन कुमार भारती, डेविड ब्लेकस्ली और समरीन मलिक ने संयुक्त रूप से किया है। अध्ययन में करीब 65 करोड़ लोगों और 2.7 लाख गांवों के भूमि आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता का औसत गिनी सूचकांक (0 से 100 के पैमाने पर) भूमिहीन परिवारों को शामिल करने पर 71 तक पहुंच जाता है जबकि 46 प्रतिशत ग्रामीण परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि औसतन किसी गांव में सबसे बड़ा जमींदार लगभग 12 प्रतिशत जमीन नियंत्रित करता है, जबकि कुछ गांवों में एक ही व्यक्ति के पास आधे से अधिक कृषि भूमि है। राज्यों के बीच असमानता के स्तर में भी बड़ा अंतर देखा गया है, जो वैश्विक स्तर पर देशों के बीच पाए जाने वाले अंतर के लगभग बराबर है।



## ऑफ बीट

# ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा

थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ये समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दिव्या ने ड्रा को जीत में बदला, हासिल की बढ़त

## कैंडिडेट्स टूर्नामेंट : वैशाली ने असौबायेवा के साथ खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| पाफोस

भारतीय शतरंज की युवा सनसनी दिव्या देशमुख ने शानदार वापसी करते हुए ड्रॉ की तरफ बढ़ रही बाजी को जीत में बदलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता देशमुख ने काले मोहरों से खेलते हुए यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया और 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। अब कुल चार खिलाड़ी संयुक्त रूप से आगे चल रही हैं।

एक समय लग रहा था कि बाजी ड्रॉ पर समाप्त हो जाएगी लेकिन दिव्या देशमुख ने उम्मीद नहीं छोड़ी और अंतिम समय में



अपनी प्रतिद्वंदी की एक अनचाही गलती का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत हासिल की। महिला वर्ग में भाग ले रही दूसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली ने कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा के साथ ड्रॉ खेला। वह आठ बाजियों के बाद 4.5 अंकों के साथ देशमुख, यूक्रेन की कटेरीना लागनो, चीन की झू जिनर और मुजिचुक के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। ओपन वर्ग में खेल रहे आर प्रज्ञाननंदा आठवें दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी से हार के बाद खिताब हासिल करने की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं।

# आयुष ने 51 मिनट में चीन के फेंग को हराया

## बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| निंगबो

भारत के आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप में चीन के विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने 51 मिनट में 21-13 21-16 से जीत दर्ज की। लिन ने शुरुआत में ही 4-1 की बढ़त बना ली, लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4-1 से बढ़त हासिल कर दी और फिर इसे 12-9 तक बढ़ा दिया, लेकिन आयुष ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का



रुख पलट दिया और स्कोर 18-13 कर दिया। लिन ने अंतर कम करते हुए स्कोर 16-18 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और खिताब के दावेदार माने जा रहे लिन को बाहर का रास्ता दिखा दिया।



## दीपिका की टीम में वापसी सविता संभालेंगी गोलपोस्ट

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की 24 सदस्यीय टीम की घोषणा हो गई है। सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय टीम 13 से 17 अप्रैल के बीच ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम में फॉरवर्ड दीपिका की वापसी ने अटैक को नई धार दी है। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया फिर गोलपोस्ट की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना दौरे के लिए, जो 24 सदस्यीय टीम चुनी है वह अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती हुई नई प्रतिभाओं का मेल है। भारतीय मिडफील्ड को स्थिरता, सूझबूझ और नई ऊर्जा प्रदान करने वालीं सलीमा टेटे कप्तानी जारी रखेंगी। डिफेंडर ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान की भी वापसी हुई है। इससे टीम का डिफेंस और अटैक दोनों मजबूत हुआ है। फॉरवर्ड दीपिका कुमारी ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है। दीपिका भारत की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका फिर से संभालेंगी।

## आईपीएल 2026 : दिल्ली कैपिटल्स को हराकर आईपीएल के इस सत्र में पहली जीत दर्ज

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर गुजरात ने दिल्ली को 1 रन से हराया

**राहुल और डेविड की पारी बेकार, नहीं दिला पाए जीत**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराकर आईपीएल के इस सत्र में पहली जीत दर्ज की जबकि केएल राहुल और डेविड मिलर की साहसिक पारियां भी दिल्ली को इस नाटकीय हार से बचा नहीं सकी। जीत के लिये 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के लिये केएल राहुल ने 52 गेंद में 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से 92 रन बनाये। दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिये थे और मोहम्मद सिराज ने 19वें ओवर में 23 रन दे डाले। डेविड मिलर (20 गेंद में नाबाद 40) ने उन्हें दो छक्के और दो चौके लगाकर दिल्ली को मैच में बनाये रखा। आखिरी ओवर में दिल्ली को 13 रन की जरूरत थी और प्रसिद्ध कृष्णा की पहली गेंद पर विपराज निगम ने चौका जड़ दिया।अगली गेंद पर निगम आउट हो गए जबकि चौथी गेंद पर मिलर ने छक्का लगाया। आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी लेकिन कुलदीप यादव रन आउट हो गए। दिल्ली ने वाइड गेंद के लिये रिव्यू भी लिया जो नाकाम रहा। गुजरात के लिये अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर गिल और वॉशिंगटन सुंदर के बीच तीसरे विकेट के लिये शतकीय साझेदारी की मदद से गुजरात टाइटंस ने चार विकेट पर 210 रन बनाये थे। मांसपेशी में ऐंठन से उबरकर



■ अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट लिये

वापसी करने वाले गिल ने 45 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 70 रन बनाये जबकि बटलर ने 27 गेंद में 52 और सुंदर ने 32 गेंद में 55 रन बनाये। दिल्ली के लिये लुंगी एनगिडि ने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने चार ओवर में 55 रन दे डाले। भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने चार ओवर में 42 रन देकर एक विकेट लिया।

## केकेआर और एलएसजी के बीच मुकाबला आज, छा सकते हैं कैमरून ग्रीन

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज कैमरुन ग्रीन लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गेंदबाजी करते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे, उन्हें केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा था, उन्होंने टीम के शुरुआती मुकाबलों में एक विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने केकेआर को सूचित किया था कि आईपीएल 2026 की शुरुआत में कैमरुन ग्रीन एक बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। सीए ने 30 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ केकेआर के पहले मैच के बाद जारी एक बयान में कहा, कैमरून को पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका इलाज चल रहा है, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ समय तक गेंदबाजी से दूर रहने की जरूरत है।

### टीमें इस प्रकार

**केकेआर:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कैमरुन ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, ब्लेसिंग मुजाराबानी, सौरभ दुबे और नवदीप सैनी।

**एलएसजी:** ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

## निशानेबाजी विश्व कप

# पिस्टल मुकाबले में रिदम ने दिखाया दम, टॉप-6 में एंट्री

- 25 मीटर में सिमरनप्रीत कौर 45वें स्थान पर
- एयर पिस्टल में पुरुषों ने किया निराशा



एजेंसी ▶▶| ग्रेनाडा

मिश्रित टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष निशानेबाजों ने बुधवार को आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निराश किया, जहां तीनों प्रतिभागी फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे।

महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपियन रिदम सांगवान प्रीसीजन चरण में 292 (99, 96, 97) का स्कोर बनाकर पहले दिन के बाद छठे स्थान पर है। दिव्या टी ने भी 291 (96, 98, 97) के स्कोर के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए आठवां स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा में चुनौती पेश कर रही तीसरी भारतीय खिलाड़ी सिमरनप्रीत कौर बराड़ 282 (93, 94, 95) के स्कोर के साथ 45वें स्थान पर है। प्रतियोगिता का दूसरा चरण (रैपिड चरण) गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें शीर्ष आठ निशानेबाज पदक चरण में प्रवेश करेंगे।

### फाइनल में जगह बनाने से चूके नेलावल्ली

युवा मुकेश नेलावल्ली ने मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। वह 579 के स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीन के विश्व नंबर एक हू काई भी संघर्ष करते हुए 578 के स्कोर के साथ 15वें स्थान पर रहे। मुकेश क्वालीफाइंग के शुरुआती और अंतिम चरण में 94 और 95 के दो कमजोर स्कोर के कारण पिछड़ गए। उन्होंने बीच के चारों चरणों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 98, 98, 97 और 97 के स्कोर बनाए थे। यू शी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग में 588 के स्कोर से शीर्ष स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने 98, 99, 97, 98, 99 और 97 के स्कोर बनाए। काहिरा विश्व कप (2024) में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता उज्जवल मलिक 577 के कुल स्कोर (95, 96, 96, 97, 95, 98) के साथ 22वें स्थान पर रहे।

## एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप

# भारत ने चीनी ताइपे को हराया नॉकआउट दौड़ में बरकरार

**पाथुम थानी।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने अपने अंतिम ग्रुप सी मैच में चीनी ताइपे को 3-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। भारतीय फारवर्ड शिवानी देवी नोंगमेइकापम ने दो गोल दागे। उन्होंने 32वें मिनट में गोल करने के बाद 87वें मिनट में पेनल्टी को भी गोल में बदला। इससे पहले भूमिका देवी खुमुकचाम ने 26वें मिनट में गोल दागकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। स्थानापन्न



खिलाड़ी काओ सिन ने चीनी ताइपे के लिए एकमात्र गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में किया। यह 2004 से एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप में भारत की पहली जीत है। इस जीत की बदौलत भारत ग्रुप सी में तीन मैच में तीन अंक से तीसरे स्थान पर रहा। भारत को अब उम्मीद होगी कि जोर्डन और उज्बेकिस्तान के बीच आज होने वाला ग्रुप बी मैच ड्रॉ रहे, जिससे कि टीम सभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक के रूप में क्वार्टर फाइनल में जगह बना सके।

# वैष्णवी व सहजा ने भारत को न्यूजीलैंड पर 3-0 से जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली ने अपने-अपने एकल मुकाबलों में आसान जीत दर्ज की जिससे भारत ने बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशियाना ग्रुप एक में वापसी करते हुए न्यूजीलैंड को 3-0 से हरा दिया। पदार्पण कर रही वैष्णवी और सहजा को पहले मुकाबले में निराशाजनक शिकस्त का सामना करना पड़ा था जिससे भारत वर्षा से प्रभावित मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 1-2 से हार गया था। हालांकि दूसरे मुकाबले में भारत ने वापसी की और दोनों युवा खिलाड़ियों ने दबाव में धैर्य बरकरार रखते हुए अपने-अपने एकल मैच जीते। न्यूजीलैंड की टीम अपनी स्टार खिलाड़ी लुलु सुन के बिना उतरी। दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर वैष्णवी ने काफी सुधार दिखाया। उन्होंने सहज गलतियां कम की और बेहतर



नियंत्रण के साथ शॉट खेले तथा न्यूजीलैंड की खिलाड़ी आइशी दास को पहले एकल मैच में एक घंटे 30 मिनट में सीधे सेट में 6-2, 6-4 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। सहजा ने इसके बाद वैलेंटिना इवानोव को दूसरे एकल में सीधे सेट में 6-1, 6-3 से हराकर भारत को 2-0 की विजयी बढ़त दिला दी। रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की जोड़ी ने महिला युगल में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी एरिन रूटलिफ और दुनिया की 338वें नंबर की खिलाड़ी मोनिक बैरी की जोड़ी को सीधे सेट में 6-4 6-2 से हराकर भारत की आसान जीत सुनिश्चित की।

## पी सेफ ने स्मृति को बनाया कंफर्ट रेंज का चेहरा



**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने एक प्रमुख महिला हाइजीन (स्वच्छता) ब्रांड की ब्रांड दूत बनने के बाद स्वास्थ्य और महिलाओं की हाइजीन को प्राथमिकता देने की अहमियत पर जोर दिया। 'पी सेफ' ने अपने स्थापना दिवस पर भारतीय महिला टीम की उप कप्तान को अपनी 'कंफर्ट रेंज' का चेहरा बनाया है और इस दिग्गज खिलाड़ी के साथ इस साझेदारी का मकसद महिलाओं की हाइजीन के संदेश को फैलाना है। स्मृति मंधाना ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कंफर्ट कभी ऐसी चीज होनी चाहिए, जिसके बारे में आपको दो बार सोचना पड़े या कोई समझौता करना पड़े।


## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसआईआर – डीएलपीसी सेक्शन पर बने 4 पुलों (2x12.20 मीटर स्पैन वाले पुल संख्या 114, 143, 206 और 1x9.20 मीटर स्पैन वाले पुल संख्या 67ए) के लिए स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब से बदलना। | 2,45,50,032 | 4,91,000 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 2 | i) ADEN/SIR के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/आरपीएआर के एसआईआर-डीएलपीसी खंड पर स्थित केएआरटी-एएनएसबी स्टेशन के बीच किमी 77.239 पर पुल संख्या 164 (स्पैन 11x6.1 मीटर तिरछा) और एनएलडीएमएमटीपीआर स्टेशन के बीच किमी 105.591 पर स्थित पुल संख्या 210 (स्पैन 1x5.26 मीटर) के स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब से बदलना और सबस्ट्रक्चर को मजबूत करना ii) ADEN/SIR के अंतर्गत एसआईआर-डीएलपीसी खंड पर स्थित एनजीडब्ल्यूएन-एनएमडीए के बीच किमी 16/13-14 पर स्थित पुल संख्या 61-ए (2x3.66 मीटर) के स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब से बदलना। | 3,22,11,270 | 6,44,200 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 3 | मोहाली, लालरू, धुलकोट और चंडीगढ़ रेलवे कॉलोनियों के स्टाफ क्वार्टरों में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार। | 93,95,839 | 1,87,900 | 10 महीने | 04.05.2026 |
| 4 | कालका और गुम्मन रेलवे कॉलोनियों में कर्मचारियों के क्वार्टरों में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार। | 93,94,574 | 1,87,900 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 5 | अंबाला कैंट और केसरी रेलवे कॉलोनी स्थित पुरानी रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरो में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार। | 3,19,98,234 | 6,40,000 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 6 | ADEN/CDG के अंतर्गत UMB-KLK खंड पर K.M 249/9-1 पर ब्रिज संख्या 316 (1x12.20) और ADEN/UMB के अंतर्गत MOY-UMB खंड पर Km 196/32-34 पर ब्रिज संख्या 236 SD (2x3.5 मीटर) तथा 199/7-11 पर ब्रिज संख्या 237 SD (3x6.1 मीटर) के PSC स्लैब से मौजूदा स्टील गर्डर का प्रतिस्थापना। | 1,20,97,789 | 2,42,000 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 7 | अंबाला कैंट स्थित रेल विहार कॉलोनी के विभिन्न क्वार्टरों में कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं में सुधार। | 4,50,97,755 | 9,02,000 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 8 | अंबाला कैंट में ओल्ड रेलवे कॉलोनी में यूएमबी-केएलके खंड पर 1 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और सीवरेज कनेक्टिविटी का प्रावधान। | 5,76,62,117 | 11,53,300 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 9 | ADEN/RPJ के अंतर्गत SSE/W/RPJ अनुभाग में आरपीजे-पीटीए खंड पर आरपीजे और केएलआई स्टेशनों के बीच केएम 4/1-3 पर रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे 350 मिमी व्यास डीआई के 9 सीवर पाइप को 500 मिमी एमएल केसिंग पाइप और 700 मिमी एमएस केसिंग पाइप से गुजारना तथा 250 मिमी व्यास डीआई के-9 सीवर पाइप को 400 मिमी एमएस केसिंग पाइप और 600 मिमी एमएस केसिंग पाइप को 400 मिमी एमएस केसिंग पाइप और 600 मिमी एमएस केसिंग पाइप से गुजारना। | 33,03,765 | 66,100 | 08 महीने | 04.05.2026 |
| 10 | सहारनपुर की विभिन्न कॉलोनियों में स्थित स्टाफ क्वार्टरों में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार। | 3,28,79,388 | 6,57,600 | 12 महीने | 04.05.2026 |
| 11 | जगाधरी वर्कशॉप स्थित रेलवे कॉलोनी में जल आपूर्ति व्यवस्था, ड्रेनेज आदि सहित विभिन्न कर्मचारी सुविधाओं का सुधार। | 1,53,95,348 | 3,07,900 | 09 महीने | 04.05.2026 |

नोटः-
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी ब्रांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 02-अम्बाला/2026-27 दिनांक : 08.04.2026** 1173/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एशियन कुश्ती प्रतियोगिताः किर्गिस्तान में छाए हरियाणा के पहलवान

# नितेश ने रजत, प्रिंस और सचिन ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते। यह प्रतियोगिता 6 से 12 अप्रैल तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित की जाएगी। इसमें सोनीपत के जागसी गांव के पहलवान नितेश ने 97 किलोग्राम में रजत, पहलवान प्रिंस ने 82 किलोग्राम और सचिन ने 67 किलोग्राम में देश के लिए कांस्य पदक जीत लिया है। सचिन ने कांस्य पदक वाले मैच में अब्दुमालिक अमीनोव को कड़े मुकाबले में 6-5 से हराया। सचिन सहरावत का पिछले साल भी एशियाई चैंपियनशिप में चयन हुआ था। वे वर्तमान में वे नैवी में कार्यरत हैं। प्रिंस ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान के पहलवान को 4-2 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में प्रिंस ईरान



के पहलवान से हार गया। उसके बाद रिपेचेज मुकाबले में प्रिंस ने तुर्कमेनिस्तान के पहलवान को 10-1 से हराकर देश के लिए कांस्य पदक हासिल किया। प्रिंस पहलवान का यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरा पदक है। प्रिंस को देश के लिए कांस्य पदक जीतने पर गांव समर गोपाल पुर (रोहतक) और उनकी स्वामी भूमानंद कुश्ती एकेडमी



सफियाबाद (सोनीपत) में बहुत ही खुशी का माहौल है। महाराज अच्युतानंद, कोच सुरेन्द्र कादयान, कोच नितिन शर्मा, कोच सचिन शर्मा ने मेडल जीतने पर विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रिंस के कुश्ती के सफर की शुरुआत साल 2015 में हुई थी उन्हें इस खेल की प्रेरणा अपने ही गाँव के स्वर्गीय देवीलाल पहलवान (कोच) से मिली।



प्रिंस के पिता सोमबीर सिंह प्राइवेट कॉलेज में क्लर्क हैं और उनके बड़े भाई निखिल भी नेशनल स्तर के पहलवान हैं, जबकि मां बबली गृहिणी हैं। सफलता की यह राह प्रिंस के लिए इतनी आसान नहीं थी। साल 2020 में प्रैक्टिस के दौरान प्रिंस के एंकल (टखने) में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन भी करवाना पड़ा।

### प्रिंस की उपलब्धियां

वर्ष 2025 में तीसरी वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज' में रजत पदक, एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 और 2026 में अल्बानिया, क्रोएशिया और सर्बिया जैसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी देश का प्रतिनिधित्व किया। 2025 में सीनियर नेशनल रेसलिंग और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किए। 2025 और 2024 में आयोजित अंडर-20 नेशनल रेसलिंग में भी लगातार प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2022 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स और डब्लूएफआई ग्रैंड प्रिक्स में भी स्वर्ण पदक जीता। 2024 और 2025 की हरियाणा स्टेट सीनियर चैंपियनशिप में भी लगातार स्वर्ण पदक जीते हैं।





इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह कमांड और कम्युनिकेशंस सेंटर पर हमला किया।

# सीजफायर के बाद भी ईरान के लावन द्वीप में तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला

*ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं।*

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार को करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। लेकिन ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है।

**बुधवार सुबह करीब 10 बजे किया हमला**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को ईरान के लवन द्वीप की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। स्थानीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन यह नहीं बताया गया है कि हमला किसकी ओर से किया गया है।

## स्थिति अभी भी नाजुक, ट्रंप बेचैनः वेंस

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है तो एक समझौता संभव है, लेकिन उन्होंने आगाह किया कि जहां ईरानी व्यवस्था के कुछ हिस्से बातचीत को रचनात्मक रूप से ले रहे हैं, वहीं अन्य ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इस स्थिति को एक नाजुक सीजफायर बताया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान युद्ध को खत्म करने की दिशा में प्रगति करने को लेकर बेचैन हैं और उन्होंने अपनी बातचीत करने वाली टीम को निर्देश दिया है कि वे ईरानियों के साथ सद्भावना से बातचीत करें।



## निर्यातकों को राहतः फियो

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा कि युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य का फिर से खुलना निर्यातकों को शिपिंग बाधाओं, उच्च ढुलाई दरों और बीमा लागत में राहत देता है। यह अल्पकालिक रूप से लॉजिस्टिक्स को सामान्य करने में मदद करेगा, निर्यातक अभी भी युद्धविराम की अस्थायी प्रकृति को देखते हुए सतर्क रहेंगे। रल्हन ने कहा कि स्थिरता बनाए रखना जरूरी है ताकि विश्वास बहाल हो और व्यापार सुचारू रूप से चल सके।

**दुनिया ने किया युद्धविराम का स्वागत**

## नागरिकों के जीवन की रक्षा होगीः यूएन महासचिव



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि नागरिकों के जीवन की रक्षा और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए संघर्ष का अंत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने और क्षेत्र में स्थायी और व्यापक शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए युद्धविराम की शर्तों का पालन करने का आह्वान किया है।

## यह राहत का पलः यूके



ब्रिटेन के पीएम कीर स्टॉर्मर ने युद्धविराम समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह इस क्षेत्र और दुनिया के लिए राहत का पल लाएगा। हमें अपने साझेदारों के साथ मिलकर इस युद्धविराम का समर्थन करने और इसे कायम रखने के लिए तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे बुधवार से खाड़ी क्षेत्र का दौरा शुरू कर रहे हैं, जिस दौरान वह अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम के समर्थन और उसे कायम रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

## सीजफायर के बाद ट्रंप से 85 सांसदों ने मांगा इस्तीफा



**वाशिंगटन।** एक महीना बाद मिडिल ईस्ट में 2 हफ्तों के लिए सीजफायर हो गया है। इसे ईरान और अमेरिका समेत कई देशों के लिए अच्छा बताया जा रहा है। एक तरफ ईरान के साथ सीजफायर की बात से अमेरिका में राहत देखी जा रही है। दूसरी तरफ सीजफायर के बाद अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। सीजफायर का ऐलान होते ही बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी व्हाइट हाउस पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के इस्तीफे की मांग की है। लोगों के अलावा 85 सांसदों ने भी ट्रंप के इस्तीफे की मांग की है। कई सांसद और नेता कह रहे हैं कि ट्रंप का ईरान युद्ध को लेकर बार-बार शब्द बदलना, रणनीति बदलना और यह गाली भरा पोस्ट लिखना, उनके मानसिक स्वास्थ्य पर सवाल उठाता है।

**इजराइल की दो टूक**

## सीजफायर पर समर्थन, हिज्बुल्ला के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश अमेरिका और ईरान के बीच हुए दोहफ्ते के युद्धविराम समझौते का समर्थन करता है, लेकिन यह समझौता लेबनान में हिज्बुल्ला के खिलाफ जारी लड़ाई को कवर नहीं करता है। लेबनानी मिलीशिया हिज्बुल्ला के खिलाफ युद्ध में उसकी 'लड़ाई और जमीनी अभियान जारी है' और वह इस समझौते का हिस्सा नहीं है। इजराइल की सेना ने स्वीकार किया कि युद्ध जारी है। बता दें, युद्धविराम की घोषणा किए जाने के कुछ घंटे बाद ही इजराइल ने मध्य बेरूत पर कई हवाई हमले किए।

**भारत की एडवाइजरी**

## ईरान में रह रहे भारतीय नागरिक जल्द से जल्द देश को छोड़ें

तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने जारी एडवाइजरी में ईरान के हालातों को देखते हुए वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी गई है। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक दूतावास के अधिकारियों के साथ संपर्क करें और उनके बताए सुरक्षित रास्तों से ही ईरान से बाहर निकलें। दूतावास ने सख्त हिदायत दी है कि कोई भी भारतीय नागरिक बिना सलाह लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर जाने की कोशिश न करे। वहीं, भारतीय नागरिकों की मदद के लिए दूतावास ने चार इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर +989128109115, +989128109102, +989128109109 और +989932179359 हैं।

**हिंद महासागर सम्मेलन में होंगे शामिल**

## आज से मॉरीशस और यूएई के दौरे पर रहेंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर 9 से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दी। मॉरीशस दौरे के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर 9वें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा के लिए मॉरीशस के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, वे नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में मुख्य भाषण भी देंगे। इसके अलावा, विदेश मंत्री अन्य प्रतिभागी देशों के समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे।



यह दौरा भारत की पड़ोसी पहले नीति, विजन महासंघ और वैश्विक दक्षिण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली स्थित इंडिया फाउंडेशन और मॉरीशस सरकार संयुक्त रूप से नौवें हिंद महासागर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं, जो 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाला है। 2016 से आयोजित होने वाला यह वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### *प्रमुख वैश्विक शक्तियों के बीच होगा संवाद*

*इंडिया फाउंडेशन ने बताया कि इस वर्ष का सम्मेलन 'हिंद महासागर शासन के लिए सामूहिक प्रबंधन' विषय के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो राष्ट्राध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों, निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों, विद्वानों और नीति विशेषज्ञों के बीच चर्चाओं का मार्गदर्शन करेगा। जिन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उनमें समुद्री सुरक्षा, आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता और उभरती भू-राजनीतिक गतिशीलता शामिल हैं। फाउंडेशन ने कहा कि उम्मीद है कि यह सम्मेलन हिंद महासागर से सटे देशों के साथ-साथ इस क्षेत्र में रणनीतिक हित रखने वाली प्रमुख वैश्विक शक्तियों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देगा।*

## वियतनाम में पटना के व्यापारी की मौत

**पटना।** पटना के विग्रहपुर निवासी और पटना के चांदनी चौक इलाके में इलेक्ट्रॉनिक्स का कारोबार करने वाले बिंदा सिंह एक महीने पहले 90 सदस्यीय भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ वियतनाम गए थे। जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा। इलाज के दौरान मौत हो गई। तीन दिनों से परिवार पार्थिव शरीर के भारत लाए जाने का इंतजार कर रहा है।

## 'मिल्क स्कैम' पर कनाडा सरकार की चेतावनी

**नई दिल्ली।** कनाडा सरकार ने एक नए तरह के स्कैम की में चेतावनी जारी की है। जिसमें लोगों को टेक्स्ट मैसेज के जरिए घोटाले का शिकार बनाया जा रहा है जिसमें टेक्स्ट मैसेज के जरिये झूठा दावा किया जा रहा है कि ग्राहक 'मिल्क सैटलमेंट' के लिए पात्र हैं। सरकार ने चेतावनी दी है कि जालसाज वैध समझौतों का उपयोग करते हैं।




**भारतीय युद्धपोत 'त्रिकंड' केन्या पहुंचा**

## 100 राइफल और 50 हजार गोलियां सौंपी, एमआरआई मशीन का समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को फ्रंटलाइन गाइडेड प्रक्षेपास्त्र युद्धपोत 'त्रिकंद' मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है। यहां भारत ने 100 राइफल और करीब 50 हजार गोलियां केन्या को दी हैं। भारत केन्याई रक्षा बलों को एमआरआई मशीन भी मुहैया कराएगा। इसका उद्देश्य केन्या के बीच समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करना व दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देना है। नौसेना ने बताया कि युद्धपोत 'त्रिकंद' दक्षिण-पश्चिम हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी ऑपरेशनल तैनाती के तहत यहां



आया है। यह दौरा पश्चिमी नौसैनिक कमान के कमांडर-इन-चीफ उप-नौसेनाध्यक्ष कृष्णा स्वामीनाथन की केन्या यात्रा के साथ हो रहा है। भारतीय पोत के मोम्बासा प्रवास के दौरान यहां कई पेशेवर, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही भारतीय दल केन्या रक्षा बलों को महत्वपूर्ण सामग्री भी सौंप रहा है।

**मुख्य न्यायाधीशों के मैसेज पढ़ने थे**

## मोबाइल लेकर पहली बार सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीजेआई

**बोले- मैं अपनी जिंदगी में कभी नहीं लाया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अदालत में मोबाइल फोन का इस्तेमाल आम तौर पर अच्छा नहीं माना जाता। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को अदालत में मोबाइल फोन लेकर पहुंचे। सीजेआई सूर्यकांत ने खुद भी कहा कि उनकी जिंदगी में ऐसा पहली बार हुआ है कि उन्हें मोबाइल लेकर कोर्ट रूम में आना पड़ा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के सिलसिले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के कुछ मैसेजों को पढ़ना था।

अपने मोबाइल नंबर पर भेजे गए पत्रों को पढ़ते हुए मुख्य न्यायाधीश ने मुस्कुराते हुए कहा कि दरअसल, मुझे अभी याद आया कि मैं पहली बार अदालत में मोबाइल फोन ला रहा हूं। मैं अपने जीवन में कभी नहीं लाया।


सूर्यकांत

सुनवाई जारी रहने पर उपस्थित वकीलों ने मुस्कुरा दिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28